



# होली पर घर पहुंचना मुश्किल ट्रेनों और बसों में नहीं जगह

## गेट पर बैठकर किया सफर, डग्गामार वाहन चालकों की रही चांदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर लोगों का घर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। ट्रेनों और बसों में जगह नहीं मिल रही है। स्पेशल ट्रेनें भी भरी चल रही हैं। अंदर जगह नहीं मिलने पर यात्री गेट और शौचालय में बैठकर यात्रा कर रहे हैं। बसें न मिलने से डग्गामार वाहन वाले मनमाने दाम वसूल रहे हैं।


जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा।

जंक्शन पर 15910 अवध असम एक्सप्रेस में बैठने के लिए यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। आलम यह था कि जिन लोगों ने आरक्षण करा रखा था, उनको भी बमुश्किल अपनी बर्थ मिल पाई। एक यात्री ने एक्स पर अवध असम का वीडियो शेयर करते हुए अधिकारियों को लिखा कि ट्रेन के एस-2 कोच में उनकी बर्थ 79 नंबर है, लेकिन वह बर्थ पर नहीं बैठ पा रहे हैं। वहीं 13152 सियालदह एक्सप्रेस के एस-2 कोच में सफर कर रहे सौम्य नाथ मुखर्जी ने भी शिकायत की। कोच की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि पूरे कोच के अंदर लोग भरे हैं, एक तरफ से दूसरी तरफ भी नहीं जाया जा सकता।

12370 कुंभ एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सफर कर रहे रोहित सिंह ने अधिकारियों को एक्स पर शिकायत कर बताया कि शौचालय से लेकर गेट तक पर लोगों की भीड़ है, एसी कोच में टिकट खरीदने का फिर क्या फायदा। श्रमजीवी, काशी विश्वनाथ जैसी ट्रेनों में भी यही स्थिति थी। रविवार को भी ट्रेनों में भारी भीड़ रहने की उम्मीद जताई जा रही है।


ट्रेन में गेट पर बैठकर सफर करते लोग।

## शहर में आज

- बड़ी बमनपुरी से श्री राम बरात 10 :30 बजे।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा होटल रेडिसन में होली महोत्सव दोपहर 12 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में फाल्गुन महोत्सव शाम 7 बजे।
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में फाग महोत्सव सुबह 10 बजे।
- आईएमए में रंगोत्सव रात 8 :30 बजे।

## बस न मिलने से हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** होली के कारण बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। शाम को सेटेलाइट से कई रूट के लिए यात्रियों को बसें नहीं मिलीं। इस वजह से उन्हें परेशानी हुई। हालांकि, अफसरों का दावा है कि परिवहन निगम ने 600 से अधिक बसों को अलग अलग रूटों पर लगाया है। लोकल रूटों पर भी रोडवेज बसों की संख्या बढ़ा दी गई है। विभिन्न डिपो की हर रोज 800 से 900 बसों का संचालन सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे से होगा। सेटलाइट बस अड्डे पर पीने का पानी, साफ-सफाई और बैठने की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। बरेली रीजन के सेवा प्रबंधन धनजीराम ने बताया कि होली को लेकर एक अप्रैल तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो।


सेटेलाइट अड्डे पर बस में बैठने को लेकर मची आपाधापी। ● अमृत विचार


देर रात सेटेलाइट अड्डे पर बस के इंतजार में परेशान होते यात्री। ● अमृत विचार

## आज चलेगी लालकुआं राजकोट होली स्पेशल

05045 लालकुआं-राजकोट होली विशेष गाड़ी 24 और 31 मार्च को लालकुआं से 13 .10 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13 .38 बजे, बहेड़ी से 13 .56 बजे, भोजीपुरा से 14 .21 बजे, इज्जतनगर से 14 .42 बजे, बरेली सिटी से 14 .57 बजे, बरेली जंक्शन से 15 .09 बजे रवाना होकर अगले दिन राजकोट 18 .35 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05046 राजकोट-लालकुआं होली विशेष गाड़ी 25 मार्च और 1 अप्रैल को राजकोट से 22 .30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन देर रात जंक्शन से 01 .49 बजे, बरेली सिटी से 02 .05 बजे, इज्जतनगर से 02 .25 बजे, भोजीपुरा से 02 .40 बजे, बहेड़ी से 03 .07 बजे और किच्छा से 03 .27 रवाना होगी।







# मतदाता पहचान पत्र न होने पर भी कर सकेंगे मतदान

## निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए दिए 12 विकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र न होने पर भी लोग मतदान कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए 12 अन्य विकल्प दिए हैं। जिले में सात मई को मतदान होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह के मुताबिक पहचान पत्र नहीं होने के बाद भी मतदाता वोटिंग से वंचित नहीं होंगे। इसके विकल्प के तौर पर स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य के साथ अलग-अलग कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक और डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक का प्रयोग मतदान के लिए कर सकते हैं।

इसके अलावा सांसद और विधायकों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र आदि दस्तावेज भी वैध रहेंगे। इसके अलावा मतदान से कई दिन पहले बीएलओ मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराएंगे।

### पता बदलने के लिए ऑनलाइन भरें फार्म-8

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक कोई भी मतदाता अपने पहचान पत्र में पता बदलवाना चाहता है तो उसे फॉर्म-8 ऑनलाइन भरना होगा। इससे फॉर्म-7 खुद तैयार हो जाएगा। इसके लिए यूटिलिटी बिल (पानी, गैस, बिजली) एक साल के अंदर के होने अनिवार्य हैं। इसके अलावा पट्टा या किराया के कागजात, आधार कार्ड और पासबुक भी मान्य होगी। इसके लिए वोटर को नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनवीएसपी) पर जाना होगा। शिफ्टिंग ऑफ रेजिडेंस पर फॉर्म-8 मिलेगा, जिसे भरना है और इपिक नंबर डालकर सबमिट करना पड़ेगा। यहां पर राज्य, जिला, विधानसभा, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ई-मेल, नया पता, एड्रेस प्रूफ देना होगा।



शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए घुड़सवार पुलिस ने शहर में गश्त की। • अमृत विचार

## चुनाव आयोग के निर्देशों का करें पालन

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से कराने के लिए पुलिस लाइन में शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

अध्यक्षता करते हुए एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, दरोगा और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन गंभीरता से करें। पुलिस मोबाइल पार्टियां क्षेत्र में भ्रमण करती रहें। सभी थाना प्रभारी क्षेत्र में भ्रमण कर मतदान केंद्रों का पहुंच मार्ग और भवन का निरीक्षण करें। समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दें। प्रत्येक मतदान केंद्र की 30 बिंदुओं की सूचना तैयार कराएं। प्रत्येक मतदान केंद्र की भौगोलिक स्थित भी नोट कराएं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस तत्काल मतदान केंद्र तक पहुंच सके। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के मतदाताओं से संपर्क करें और भरोसा दिलाएं कि बेखौफ होकर मतदान करें। उन्होंने मतदान प्रभावित करने वालों को भी चिह्नित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी यातायात शिवराज ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पुलिस कर्मियों को जानकारी दी।

## 31 को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आ सकते हैं मुख्यमंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल होंगे। बरेली में भी मुख्यमंत्री का संभावित कार्यक्रम 31 मार्च को है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 31 मार्च को बरेली कॉलेज में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



इसमें दोपहर करीब दो बजे मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम की अनुमति के लिए फाइल भेज दी गई है। अनुमति मिलते ही तैयारी शुरू हो जाएगी। जिले में 12 अप्रैल से नामांकन है और सात मई को मतदान है। बताया जा रहा है कि अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध सम्मेलन की तिथि निर्धारित कर दी गई हैं।

## आंवला में इंद्रपाल फिर बने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष

संवाददाता, बरेली/आंवला

**अमृत विचार :** आंवला में सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में प्लेटें चलने के बाद हटाए गए इंद्रपाल सिंह यादव को फिर आंवला विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं सतेंद्र को अब जिला सचिव बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष का पत्र आने के बाद कार्यकर्ताओं में कहीं खुशी कहीं गम वाली स्थिति है।

15 दिन पहले आंवला में कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया था। इसके बाद कई पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया था। इंद्रपाल सिंह को पद से हटा दिया गया था। पिछले दिनों लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ हुई बैठक के बाद आंवला विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष इंजी. सतेन्द्र यादव को मनोनीत किया गया था। सत्येन्द्र दो दिन भी पद पर नहीं रह पाए और उन्हें बदलकर फिर से इंद्रपाल सिंह यादव को मनोनीत कर दिया गया है। अब सतेंद्र को जिला सचिव बनाया गया है।

पार्टी में चर्चा है कि इस मनोनयन से पार्टी में दो नेताओं के बीच एक बार फिर ताकत का अहसास दिखाया गया है। एक नेता ने इंद्रपाल को हटाकर अपने विश्वासपात्र इंजीनियर सत्येन्द्र को पद दिला दिया लेकिन अंदरूनी तौर पर विरोधी नेता ने सत्येन्द्र को हटवाकर फिर इंद्रपाल का मनोनयन करा दिया है।









### चुनाव संचालन समिति गठित करेगी सपा

**बरेली,अमृत विचार :** सपा के बरेली लोकसभा प्रभारी संजीव यादव ने पार्टी कार्यालय में बैठक करके चुनाव की रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा स्तर पर चुनाव संचालन समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति क्षेत्र में पार्टी के प्रमुखजनों के साथ बैठक कर जनसंपर्क करेगी। जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र में जिस जाति के लोग ज्यादा हैं, वहां उस जाति के नेता से संपर्क करके सपा की नीतियां बताई जाएंगी। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने युवाओं की टोली बनाकर प्रचार को धार देने की बात कही। बैठक में संजीव कुमार सक्सेना, राजेश अग्रवाल, प्रमोद बिष्ट, भूपेंद्र कुर्मी, मनोहर पटेल, दीपक शर्मा, हैदर अली, अशोक यादव, अनिल पटेल, हसीब खान, सुरेश गंगवार, तनवीर उल इस्लाम, टीका राम कश्यप, भुवनेश यादव, अविनाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### चुनाव में वाहन नहीं देने पर परिवहन विभाग कराएगा एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में वाहन नहीं देने वाले वाहन मालिकों पर परिवहन विभाग एफआईआर दर्ज कराएगा। विभाग ने मालिकों को वाहन अधिग्रहण के लिए नोटिस दिए हैं। जरूरत के हिसाब से वाहन प्रशासन को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पांच हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की जरूरत प्रशासन और पुलिस को होगी। इसके लिए नोटिस देकर वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए बस, ट्रक, डीसीएम, कार और टैक्सी की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में पांच हजार से अधिक वाहन चुनाव कराने के लिए जमा करने होंगे। सभी वाहन चालकों को नोटिस दे दिए गए हैं। अगर वह समय पर अपना वाहन नहीं देंगे तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### चुनाव में कड़ी निगरानी रखें एसएसटी और एफएसटी

**बरेली, अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन दिनेश कुमार ने फ्लाइंग स्क्वॉड (एफएसटी) और स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के साथ ऑनलाइन बैठक में चुनाव में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने टीमों से अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने टीमों को निर्देश दिए कि सूचना पर समय पर पहुंचें और किसी को चेकिंग के नाम पर परेशान न करें। संदिग्ध लगने पर उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामले को लाते हुए कार्रवाई कराएं। उन्हें बताया कि कार्रवाई की जानकारी सी विजिल एप पर अपडेट करनी है। एडीएम ने टीमों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। एडीएम ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक सर्विलांस की 84-84 टीमें बनाई गई हैं।

### चुनाव ड्यूटी से गायब मिले वन दरोगा

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में वाहनों की चेकिंग के लिए बनाए गए उड़नदस्ते में शामिल वन दरोगा ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। वह प्रभारियों की ड्यूटी में भी नहीं उपस्थित हुए। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट ने सीटीओ को रिपोर्ट भेजी है। वन दारोगा रतन लाल की ड्यूटी 124 विधानसभा क्षेत्र के प्रेमनगर में शाम चार से रात 12 बजे तक लगाई है। रतन लाल 19 और 20 मार्च की रात में अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से गायब मिले। इसके अलावा 20 मार्च को हुई उड़नदस्ता प्रभारियों की बैठक में भी वह नहीं पहुंचे। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला ने मुख्य कोषाधिकारी/ नोडल अधिकारी निर्वाचन (व्यय) को रिपोर्ट भेजकर किसी अन्य की तैनाती के निर्देश दिए हैं।










## डीप फ्रीजर बंद हुआ तो लाखों की वैक्सीन हो जाएगी खराब

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां बच्चों का टीकाकरण लंबे समय से किया जा रहा है, लेकिन वैक्सीन रखने के लिए सिर्फ एक ही डीप फ्रीजर है। अगर किसी कारणवश डीप फ्रीजर में खराबी आ जाती है तो लाखों रुपये की वैक्सीन खराब हो सकती है। अगर बिजली लंबे समय के लिए चली जाए तो जनरेटर न होने से सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं, वैक्सीन को बचाने के लिए आइस पैक भी विभाग की ओर से नहीं भेजे जा रहे हैं। कक्ष प्रभारी ने कई बार पत्र भेजकर आइस पैक की मांग की, लेकिन अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## मौसम में बदलाव के साथ डायरिया का हमला तेज, 15 बच्चों में पुष्टि

- छह निमोनिया और बुखार से ग्रसित, जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में बढ़े मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में गर्मी का असर बढ़ने के साथ डायरिया का हमला तेज हो गया है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड फुल होने लगा है। शनिवार सुबह करीब 10 बजे तक वार्ड में 21 बच्चे भर्ती थे। जांच में 15 बच्चे डायरिया से ग्रसित मिले, अन्य छह निमोनिया और बुखार की चपेट में हैं।

हालांकि, त्योहार के चलते अधिकांश परिजन देर शाम तक बच्चों की छुट्टी कराकर घर ले गए। उनका कहना था कि अगर दवा से आराम नहीं मिलेगा तो दोबारा से भर्ती करा लेंगे। बच्चा वार्ड में कुल 26 बेड हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार डायरिया ग्रसित बच्चों के लिए ओरआरएस घोल और सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध हैं।


### बच्चों का रखें विशेष ध्यान

विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में बदलाव के चलते बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में परिजनों को बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। दूषित पानी और भोजन का सेवन करना, गर्म से एक दम ठंडे वातावरण में जाना, साफ-सफाई का ध्यान न रखना आदि कारण डायरिया और बुखार के हैं।


# कड़ी धूप में परीक्षा, गरीब घरों के बच्चों के लिए यही हैं कॉन्वेंट जैसे सरकारी स्कूल

## इंग्लिश मीडियम घोषित इज्जतनगर के उच्च प्राथमिक स्कूल में पर्याप्त कमरे नहीं

शिवांग पांडेय, बरेली



इज्जतनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में धूप में बैठकर परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



खुले में परीक्षा से बच्चों के हलक भी सूख गए।

**अमृत विचार :** दावा किया गया था कि सरकारी स्कूल भी अब कॉन्वेंट स्कूलों की टक्कर के हो गए हैं, थोड़ा और रंग जमाने के लिए कई स्कूलों को इंग्लिश मीडियम स्कूल भी घोषित कर दिया गया लेकिन इज्जतनगर में ऐसे ही एक कॉन्वेंट जैसे इंग्लिश मीडियम सरकारी स्कूल में बच्चों को चिलचिलाती धूप के नीचे बैठकर परीक्षा देनी पड़ रही है। 34 डिग्री सेल्सियस तापमान में पसीना-पसीना गरीब घरों के ये बच्चे उस सच को भी समझ रहे हैं कि अफसरों का उनके लिए कॉन्वेंट जैसा स्कूल बनाने का क्या मतलब है।

नैनीताल रोड पर यूपीएस (उच्च प्राथमिक स्कूल) इज्जतनगर नाम के इस इंग्लिश मीडियम स्कूल में 140 बच्चे पढ़ रहे हैं। हेडमास्टर के साथ छह शिक्षक और एक शिक्षामित्र भी तैनात है, लेकिन बच्चों के लिए पर्याप्त क्लास रूम नहीं हैं। शनिवार की दोपहर स्कूल में दूसरी पाली में संस्कृत और उर्दू की परीक्षा थी जिसमें शामिल सौ से ज्यादा बच्चों को दोपहर की चिलचिलाती धूप में तप रही जमीन पर दरी बिछाकर बैठाया गया था। पसीने से तरबतर ये बच्चे कभी माथे का पसीना पोंछ रहे थे तो कभी कॉपी पर कुछ लिखने की कोशिश कर रहे थे।

हेडमास्टर बबिता बिष्ट ने बताया कि स्कूल की बिल्डिंग सन 1931 में बनी थी। इससे पहले यह स्कूल सेंट्रल जेल परिसर में खपड़ैल के नीचे चलता था। महानिदेशक बेसिक शिक्षा विजय आनंद ने वर्ष 2017 में इसे आदर्श स्कूल करार देते हुए इंग्लिश मीडियम स्कूल घोषित करने का आदेश दिया। उस समय स्कूल परिसर में जर्जर हो चुके पांच कमरों में कक्षाएं चलती थीं। उन्होंने बताया कि छह महीने पहले नगर निगम ने दो जर्जर कमरों को तोड़कर उसके मलबे को नीलाम कर दिया लेकिन उनकी जगह नए कमरों का निर्माण नहीं कराया गया।

इसी वजह से तीन कमरों में ही एक से आठवीं तक की कक्षाएं चलानी पड़ रही है। मजबूरी में बच्चों को बाहर खुली धूप में भी बैठाना पड़ रहा है।

**डेढ़ महीने से नहीं आए खंड शिक्षा अधिकारी :** पता चला कि खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद करीब डेढ़ महीने से स्कूल का निरीक्षण करने नहीं आए हैं। जिस वक्त परीक्षा कराने की तैयारियां की जा रही थीं, उसी दौरान अफसरों को पत्र लिखकर स्कूल में पर्याप्त कमरे न होने के संबंध में सूचित किया गया लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। अफसरों की ओर से यह सफाई दी जा रही है कि नगर निगम का क्षेत्र बड़ा है, इसीलिए खंड शिक्षा अधिकारी नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण नहीं कर पाते।

### एक किमी दायरे में हैं चार प्राइमरी स्कूल

इज्जनगर स्कूल के एक किलोमीटर के दायरे में चार प्राइमरी स्कूल हैं। इनमें से दो स्कूलों में एक ही शिक्षक की तैनाती है। तीसरे महलऊ के स्कूल में एक भी शिक्षक की तैनाती नहीं है। एक शिक्षक को उसका अतिरिक्त प्रभार दे रखा है। विभागीय अधिकारी अगर दिलचस्पी लेते तो यूपीएस इज्जतनगर की कुछ कक्षाएं इनमें से किसी स्कूल में शिफ्ट की जा सकती थीं लेकिन इस पर विचार ही नहीं किया गया।

- 34 डिग्री तापमान के बावजूद खुले में बैठाए गए बच्चे



धूप में परीक्षा के दौरान पसीना पोछती छात्रा।

### जिम्मेदारों को सांप-बिच्छू के खतरे की भी परवाह नहीं

स्कूल परिसर में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले 25 से ज्यादा बच्चों को घनी झाड़ियों के पास बैठाकर परीक्षा कराई जा रही थी। बताया गया कि इन झाड़ियों से अक्सर जहरीले कीड़े-मकोड़े निकलते रहते हैं, इसके बावजूद बच्चों की जिंदगी को दांव पर लगा दिया गया था।



## परीक्षा: प्रतिदिन छात्रों का देना होगा ब्योरा

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं का ब्योरा प्रतिदिन देना होगा। इस संबंध में बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। विद्यालयों से मिलने वाले ब्योरे को गूगल शीट पर भरना होगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि उपस्थिति कम मिलने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

## उर्वरक की कम खपत के मामले में प्रदेश में जिला पांचवें स्थान पर

**बरेली, अमृत विचार :** सरकार रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आने लगे हैं। उर्वरक की कम खपत के मामले में प्रदेश में जिला दो महीने पहले सातवें स्थान पर था। अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। अफसरों का दावा है कि एक साल में जिले में 1945 मीट्रिक टन यूरिया की खपत घटी है। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी ने बताया कि सरकार का फोकस पीएम-प्रणाम योजना पर है। जिसके तहत पिछले तीन वर्षों से रासायनिक उर्वरक (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी) की खपत में कमी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ओरल हेल्थ माह : सही टूथपेस्ट का करें चयन मिलेगी स्वस्थ मुस्कान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि स्वस्थ दांतों के लिए टूथपेस्ट का सही चयन करें। बाजार में बहुत सारे टूथपेस्ट उपलब्ध होने के कारण अक्सर ऐसा चुनाव करना मुश्किल हो जाता है। यदि आपके दांत संवेदनशील हैं तो आपके लिए सेंसिटिविटी के लिए टूथपेस्ट उपयुक्त हो सकता है। यदि आपके दांतों पर प्लेक अधिक है तो एंटी-प्लेक या एंटी-कैरीज टूथपेस्ट का चयन करें। टूथपेस्ट का स्वाद भी ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिनचर्या में उत्तेजना डाल सकता है। कुछ टूथपेस्ट मसालेदार होते हैं जिनसे मुख स्वच्छता का अभ्यास मजेदार बन सकता है।आप किसी खास समस्या के लिए टूथपेस्ट ढूंढ रहे हैं तो दंत चिकित्सक से सलाह लेना बेहद जरूरी है। बच्चों के दांत बड़ों से अलग होते हैं, इसलिए उनकी ओरल नीड्स भी भिन्न होती हैं। तीन से छह साल के बच्चों के लिए फ्लोराइड टूथपेस्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन कम मात्रा में।

## भारतीय न्याय संहिता के संबंध में दी जानकारी




प्रशिक्षण में जानकारी देते आईजी डॉ. राकेश सिंह।

**बरेली, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में शनिवार को अभियोजन निदेशालय की ओर से कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें नवीन भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 में हुए संशोधनों की जानकारी दी गई। अध्यक्षता आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह ने की। संयुक्त निदेशक अभियोजन ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर महिला आरक्षी नियति ठाकुर को प्रशस्ति पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज, प्रत्येक थाने के विवेचक, निरीक्षक, दरोगा अभियोजक और शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।









# ट्रैक पर चल रहे साले-बहनोई की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

## मढ़ीनाथ पुलिया पर हुआ हादसा, नीचे सड़क पर गिरे दोनों

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में बिलखते आनंद और सौरभ के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र की मढ़ीनाथ पुलिया के ऊपर रेलवे ट्रैक पर पैदल जा रहे साले और बहनोई ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों नीचे गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा। बहनोई को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि कुछ देर बाद साले की भी मौत हो गई।

मढ़ीनाथ क्षेत्र में यादव गली में रहने वाले छोटेलाल ने बताया कि उनका बेटा आनंद (18) दामाद सौरभ कुमार (20) निवासी गंदरौली थाना उघैती जिला बदायूं के साथ शनिवार रात करीब आठ बजे दुकान से बताशे लेने गए थे। चौकी इंचार्ज मढ़ीनाथ प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों युवक सिटी स्टेशन के सामने मढ़ीनाथ पुलिया के ऊपर रेलवे ट्रैक पर पैदल जा रहे थे। तभी जंक्शन की ओर से आई ट्रेन से टकराकर दोनों नीचे गिर गए। सूचना पर वह और इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय मौके पर पहुंचे और दोनों को लेकर जिला अस्पताल आए। यहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। जबकि आनंद को भर्ती कर लिया, लेकिन कुछ देर बाद आनंद ने भी दम तोड़ दिया। साले और बहनोई की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



आनंद



सौरभ

> मढ़ीनाथ पुलिया पर दोनों युवक जा रहे थे। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिए हैं। – **सतीश कुमार राय** इंस्पेक्टर सुभाषनगर

### हादसे दो परिवारों में छाया मातम

ट्रेन की चपेट में आने से आनंद और सौरभ की मौत से दो परिवारों में मातम छा गया। सूचना पर सौरभ के परिजन गांव से बरेली के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं, किरन और उसकी मां का रो रोकर बुराहाल है। किरन भाई तो कभी पति के फोटो देखकर दहाड़े मारने लगती है। ऐसा ही हाल किरन की मां का है।

**एक घंटे में पहुंच गई हादसे की सूचना:** छोटेलाल ने बताया कि आनंद और सौरभ करीब आठ बजे घर से निकले थे। दोनों ने कहा था कि वे वापस आकर खाना खाएंगे। तब तक बताशे ले आएं। वह बेटे और दामाद के आने का इंतजार कर रहे थे। करीब नौ बजे पुलिस ने हादसे की सूचना दी। वह परिवार के साथ तुरंत अस्पताल पहुंचे।

**एक वर्ष पहले हुई थी शादी:** छोटे लाल ने बताया कि उन्होंने बेटी किरन की शादी जून 2023 में सौरभ के साथ की थी। वह उनके बुलाने पर पहली होली कराने के लिए किरन को लेकर शुक्रवार को बरेली आए थे। बताया कि दामाद पेंट का काम करते थे।

## अनाधिकृत ढाबा पर रोक दी रोडवेज बस, परेशान होते रहे यात्री

**बरेली, अमृत विचार :** हरिद्वार जा रही रोडवेज बस को चालक ने रामपुर में अनाधिकृत ढाबे पर रोक दिया। काफी देर तक बस यहां खड़ी रही। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं, ढाबा पर यात्रियों से खाद्य सामग्री के मनमाने दाम वसूले गए। पुराने बस अड्डे से शनिवार दोपहर बस हरिद्वार के लिए चली। करीब 65 किलोमीटर के बाद चालक ने बस को रामपुर में एक ढाबे पर रोक दिया। पूछने पर चालक और परिचालक ने बताया कि भूख अधिक लगने पर बस को रोककर खाना खाया जा रहा है। करीब 40 मिनट तक बस ढाबे पर खड़ी रही। वहीं यात्रियों को ढाबे पर मनमाने दाम पर सामान बेचा जा रहा था। कुछ यात्रियों ने बस में लिखे अधिकारियों के नंबर पर कॉल कर चालक और परिचालक की शिकायत करनी चाही, लेकिन वे नंबर नहीं लग सके। पूर्व में भी ऐसी शिकायतें यात्री कर चुके हैं, मगर अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं हैं।

## पेट्रोल पंप पर युवक पर जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** किला में पेट्रोल पंप पर कार सवार पर तीन युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला छावनी निवासी शोभित गंगवार ने बताया कि 21 मार्च की रात को वह अपने दोस्त सूर्य प्रताप सिंह के साथ पंप पर कार में पेट्रोल डलवाने गए थे। इसी दौरान दो बाइकों पर रितिक वाल्मीकि, गौतम यादव और चमन यादव आ गए। तीनों आरोपियों ने उन पर बेल्ट, लोहे की रॉड और कड़ों से हमला कर दिया। उनके दोस्त ने उन्हें किसी तरह से बचाया।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पताः- फैज हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

## होली पर जिला अस्पताल में बनाया अलग वार्ड, दो ईएमओ रहेंगे तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवा जारी रहेगी। इसके लिए दो ईएमओ (इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर) की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा शराब के नशे में पहुंचने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी वार्ड में ही अलग से पांच बेड का वार्ड बनाया गया है, ताकि अन्य मरीजों को कोई परेशानी न हो।

एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने वार्ड प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं, कि जिस भी वार्ड में दवा आदि सामान कम है, वह तुरंत मांग पत्र देकर सामान ले लें।







# संतरा और स्ट्राबेरी की सुगंध से महक रहा रंगों का बाजार

### रासायनिक रंगों के खतरों के कारण बाजार में हर्बल रंग की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संतरा, आम, स्ट्राबेरी की खुशबू से रंगों का बाजार महक रहा है। रासायनिक रंगों के खतरों के कारण बाजार में हर्बल रंग और गुलाल की मांग बढ़ गई है।

शहर के सिविल लाइंस, कुतुबखाना, शहामतगंज समेत तमाम स्थानों पर रंग और पिचकारियों की दुकानें पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि केमिकल से बने रंग त्योहार की खुशियों में भंग डाल सकते हैं। ऐसे में हर्बल गुलाल लोगों की पहली पसंद बन रहा है। सूखे हर्बल रंगों की कीमत 25 से लेकर 50 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं खुशबू वाले हर्बल रंग 50 से लेकर 100 रुपये में 10 से 20 ग्राम बिक रहे हैं। रंग और गुलाल क कॉम्बो पैक भी लोग खूब खरीद रहे हैं। शहामतगंज के रंग और गुलाल के थोक विक्रेता नितेश ने बताया कि रासायनिक रंगों की खपत पहले के मुकाबले काफी हद तक घटी है। फलों से बने रंग इस बार काफी बिक रहे हैं। इसमें लीची, संतरा, आम, स्ट्रॉबेरी जैसे फलों से तैयार हर्बल गुलाल भी पसंद किया जा रहा है।


कुतुबखाना में दुकान से रंगों की खरीदारी करते लोग।

### कई तरह के पैकेट में बिक रहा गुलाल

बाजार में खुशबू वाला हर्बल गुलाल बड़े- छोटे दोनों ही पैकेट में उपलब्ध है। 100, 200, 500 ग्राम के साथ एक किलो से 25 किलो की पैकिंग में यह बिक्री के लिए बाजार में है।


फूलों से बने गुलाल भी मौजूद।


प्रिंटेड टीशर्ट की भी हो रही बिक्री।

### रंगों की होली के साथ आतिशबाजी का मजा

शहामतगंज किराना मंडी में रंग के थोक विक्रेता अजय बताते हैं कि होली में इस बार आतिशबाजी का भी मजा होगा। हर्बल रंग रेनबो फॉग फाइटर पीला, लाल और हरा धुआं फेंकता है। इसकी कीमत 100 से 150 रुपये प्रति पीस है।


हरि मंदिर में होली महोत्सव के दौरान भजनों पर झूमते श्रद्धालु और राधाकृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

## जयनारायण इंटर कॉलेज में मनाया होली उत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में होली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, सह प्राप्त कार्यवाह राजपाल और प्रधानाचार्य डॉ. रवि शरण सिंह चौहान ने किया। महोत्सव में हरियाणवी गीत और कठपुतली नृत्य, गोवर्धन पर्वत उठाने का मंचन किया गया। छात्रों ने गंगा अवतरण, शिव तांडव, होली गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान तरुण शर्मा, संजय बिसारिया, मीना पांडेय, रुमा भारद्वाज, पूजा सक्सेना, प्रीति पाल, मुकेश गंगवार, विजय पाल, गणेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## फाग महोत्सव में खेली फूलों की होली



**बरेली, अमृत विचार :** माधववाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में फाग महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सभी रसिकजनों ने श्रीराधा संकीर्तन मंडल के सदस्यों के साथ मिलकर ठाकुर जी के संग फूलों की होली खेली। संकीर्तन मंडल के सदस्य अनुज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, शिवि चावला, सुधीर अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल किशन अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, जगदीश अरोड़ा, राम अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, हरीश सेठी, कमल अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री और विधायक ने खेली होली



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को रंगोत्सव की धूम रही। इस दौरान मंत्री और विधायकों ने कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। कार्यालय में वन मंत्री डा. अरुण कुमार और विधायक संजीव अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाया और गले मिले। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने फूलों की वर्षा कर सभी को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने चाट और गोलगप्पे का भी स्वाद लिया। जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, पूरनलाल लोधी, देवेंद्र जोशी, विष्णु शर्मा, पुष्पेंद्र पटेल, अमन सक्सेना, जीपीएस पाल, विपिन भास्कर, अजय चौहान, राहुल लखोटिया, ज्ञान प्रकाश लोधी, कन्हैया राजपूत, मोहित तिवारी, दर्पण पाठक, सौरभ सिंह तोमर, शिवम वाल्मीकि, सुमित योगी मौजूद रहे।

## राम बरात निकलने के दौरान बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**बरेली, अमृत विचार :** होली से एक दिन पहले शहर में राम बरात निकाली जाएगी। अधिकारियों ने राम बरात के रूट पर बिजली सप्लाई बंद रखने का निर्णय लिया है। इसके अलावा जिन जगहों पर होलिका स्थल के ऊपर बिजली के तार गुजर रहे हैं तो उनका जेई और कर्मचारी निरीक्षण कर हटवा रहे हैं ताकि कोई हादसा न हो। इसके अलावा त्योहार पर लगातार सप्लाई के लिए मरम्मत कार्य भी रोक दिए हैं। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद ने बताया कि राम बरात को लेकर जहां जरूरत होगी वहां पर बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा। मरम्मत कार्य अभी रोक दिए गए हैं ताकि लगातार बिजली आपूर्ति जारी रहे।

# शहर में आज निकलेगी राम बरात हुरियारे करेंगे रंगों की बौछार

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीरामलीला सभा की ओर से रविवार को शहर में भव्य राम बरात निकाली जाएगी। इस दौरान हुरियारे मोर्चा लेते हुए रंगों की बौछार करेंगे। इस संबंध में प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि रामबरात की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राम बरात में मुख्य अतिथि खत्री सभा के अध्यक्ष अनुपम कपूर, डॉ. विनोद पागरानी और भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना आरती करेंगे। इसके बाद राम बरात शुरू होगी, जिसका जगह जगह स्वागत होगा। राम बरात में पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राम मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा के लिए धन्यवाद दिया जाएगा। अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि राम बरात ऐतिहासिक होगी। अंशु सक्सेना, महेश पंडित, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, सुनील रस्तोगी, लवलीन कपूर, नवीन शर्मा, विवेक शर्मा, गौरव सक्सेना, दिनेश दद्दा, पंडित सुरेश कटिहा, सत्येंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### रामलीला में धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीरामलीला सभा की ओर से बमनपुरी में चल रही रामलीला में शनिवार को कलाकारों ने धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर का मंचन किया। कलाकारों ने दिखाया कि राजाजनक पुत्री सीता के स्वयंवर का आयोजन करते हैं, जिसमें राजाओं को बुलवाते हैं और शिव धनुष को उठाने व प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखते हैं। कोई भी राजा धनुष को हिला नहीं पाता है। यह देखकर राजाजनक पृथ्वी को वीरों से खाली बता देते हैं। इस बात से लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं। श्रीराम उन्हें शांत करते हैं। श्रीराम शिव का धनुष तोड़ते हैं तो उसकी गर्जना हिमालय पर्वत तक जाती है। इसकी जानकारी परशुराम को होती है। वह स्वयंवर स्थल पर पहुंच जाते हैं। यहां राम और लक्ष्मण से उनका संवाद होता है।

## मथुरा के कलाकारों ने होली के गीतों से बांधा समां



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से शनिवार को सीआईपार्क में होली के रंग फोटोग्राफर्स के संग कार्यक्रम हुआ। मथुरा से आए कलाकारों ने ब्रज के होली गीतों की धुन पर सभी को खूब नचाया। इस दौरान हास्य कवि सम्मेलन के साथ होले के राजा आदि प्रतियोगिताएं भी हुईं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद आनंद, रमाकांन शुक्ला, मुकेश, राजकिशोर, सर्वेश, प्रदीप, प्रमोद, ब्रह्मानंद, आकाश, मोहित, अतुल आदि मौजूद रहे।




## आईटीआर कॉलोनी में होली मिलाप मेला 25 को

**सीबीगंज, अमृत विचार :** आईटीआर कॉलोनी के चौक नंबर आठ हरिहर मंदिर प्रांगण में 25 मार्च को 63 वां होली मिलाप मेला आयोजित किया जाएगा। शनिवार को मेला की तैयारियों को लेकर हुई मंदिर कमेटी की बैठक में यह जानकारी संरक्षक अशोक आहूजा ने दी। वीर सिंह राज, पीसी पाठक, चंद्रपाल, रानू सिंह,मनोज गांधी, राधे श्याम शुक्ल, देवेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## होली में ट्रेनों पर गोबर और कीचड़ न फेंके लोग

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने लोगों से कहा कि होली के मौके पर कोई ट्रेनों पर गोबर, कीचड़, पत्थर आदि न फेंके। इससे लोको पायलट, गार्ड और यात्री घायल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें। किसी भी अपरिचित का दिया हुआ खाद्य पदार्थ भी न खाएं, क्योंकि इसमें जहर मिला हो सकता है।










# रेडिसन में उड़े खुशियों के रंग


होटल रेडिसन में होली की मस्ती में दिखे युवा। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** होटल रेडिसन में शनिवार को डीजे की धुन पर रेन, पूल डांस के साथ गीतों पर लोग खूब थिरके। इस दौरान जमकर गुलाल उड़ा। लोगों के चेहरे पर खुशियों के रंग दिखे। होली के गीतों के साथ म्यूजिकल धुनों की धूम रही, जिस पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। रंगों की बारिश में चेहरे रंगीन हो गए। इस मौके पर एमडी मेहताब सिद्दीकी ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं दीं। शनिवार सुबह 11 से शुरू ' रंग बरसे ' होली के रंग रेडिसन के संग कार्यक्रम शाम चार बजे खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ। जीएम हर्षित उप्पल, जीएम सेल्स प्रांजल सचदेवा, ऑपरेशन मैनेजर जाकिर ,सिक्योरिटी डायरेक्टर तनवीर हसन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार :** एफएसडीए की टीमों ने शनिवार को पांच खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। टीम ने मीरगंज से बर्फी, रामगंगा पुलिस चौकी के पास से मिल्क क्रीम, कुतुबखाना खोया मंडी से खोया का, शहामतगंज से सोनपापड़ी का नमूना लिया।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

## खंडेलवाल मंदिर से निकली रंग यात्रा


रंग यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आलमगीरीगंज स्थित खंडेलवाल मंदिर से रंग यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने फूलों की होली खेली। यात्रा नया टोला शुरू होकर खंडसारी नाथ मंदिर, भोलेनाथ मंदिर, घी मंडी मंदिर, सराफा बाजार होते हुए खंडेलवाल मंदिर पर विश्राम हुई। यात्रा का संचालन राकेश खंडेलवाल के नेतृत्व में हुआ। इसमें श्री आनंद आश्रम संकीर्तन मंडल व खंडेलवाल मंदिर समिति का सहयोग रहा। इस दौरान विनय खंडेलवाल, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, सर्वेश अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, दीपेश, मनीष, नितिन, अनुराग, राजेश खंडेलवाल, भजन गायक, जगदीश भाटिया आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0738575 वर्ष 2018 व इण्टरमीडिएट अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0750186 वर्ष 2021 वास्तव में खो गये हैं। **भूदेव पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम जगत पिपरथाना सरसवां तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर मो. 7054706614**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र मुसीम अहमद व उसकी पत्नी नगमा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मोहम्मद मतीन पुत्र मो. शफी उर्फ नत्थू नि. ग्राम भीराघासी पोस्ट भीराघासी तह. लखीमपुर परगना थाना व जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र तौफीक खाँ व उसकी पत्नी महनाज उर्फ राना को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रमजान खाँ पुत्र स्व. मुशर्रफ खां निवासी ग्राम खम्भारखेड़ा पोस्ट खम्भारखेड़ा थाना कोतवाली लखीमपुर परगना श्रीनगर तहसील लखीमपुर जिला खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बड़ा बाईपास पर गलत दिशा में जाकर कार से टकराया ट्रक, एक की मौत

## भूड़ा अंडरपास के पास हुआ हादसा, कार की खिड़की तोड़कर लोगों ने निकाला युवक को

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा



हादसे के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भोजीपुरा में बड़ा बाईपास पर भूड़ा अंडरपास के पास तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़कर गलत दिशा में जाकर कार से टकरा गया। हादसे में कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से कार की खिड़की तोड़कर युवक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



सुनील

पुलिस ने जेब में रखे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों से युवक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। युवक सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। इज्जतनगर के सैनिक कॉलोनी निवासी अनिल सिंह ने बताया कि उनका भाई सुनील कुमार (24) शनिवार को कार से बहेड़ी में दोस्त से मिलने जा रहा था। वह वहां से मंदिर जाता। बड़ा बाईपास पर दोपहर 12:30 बजे भूड़ा अंडरपास पास दिल्ली की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रक डिवाइडर तोड़कर गलत दिशा में आकर कार से टकरा गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को लोगों की मदद से कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सुनील के दो भाई और एक बहन हैं। बेटे की मौत से मां महेश देवी, पिता रामनिवास भाटी, भाई अनिल और बहन का रो रोकर बुरा हाल है।

### एक घंटे लगा रहा जाम

कार और ट्रक की भिड़ंत के बाद लखनऊ बड़ा बाईपास लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे सीओ नितिन कुमार, इंस्पेक्टर भोजीपुरा और पुलिस कर्मियों ने मशक्कत के बाद वाहनों का आवागम शुरू कराया। करीब एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे।



कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला।

## बस अड्डे के पास बेहोश मिले युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे से कुछ दूरी पर शुक्रवार शाम एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी इंचार्ज सतेन्द्र कुमार के अनुसार युवक की पहचान कासगंज निवासी विजय वर्मा के रूप में हुई है।

## मदरसों पर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ जाएंगे सुप्रीम कोर्टः सलमान मियां

**बरेली, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। इस पर दरगाह आला हजरत में लगातार मदरसा संचालक एवं उलमा संपर्क कर रहे हैं। उलमा ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से हम आश्चर्यचकित हैं। मदरसा अधिनियम किसी मौलाना ने नहीं बल्कि सरकार ने बनाया है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि मदरसा संचालक और उलमा में नाराजगी का माहौल है। इसको देखते हुए जल्द ही उलमा एवं मदरसा संचालक से मीटिंग की जाएगी। इसके बाद इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया जाएगा। सलमान मियां ने बताया कि गुरुकुल संस्कृत पाठशाला जैसे धार्मिक संस्थाओं को भी सरकारी मदद मिलती है।

## मदरसों के सामने संकट खड़ा करने में सपा जिम्मेदार

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मदरसों से संबंधित फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2004 में समाजवादी पार्टी की सरकार ने एक नया एक्ट बनाया, जिसका नाम मदरसा एजूकेशन एक्ट रखा गया। सपा सरकार की तरफ से मदरसा के शब्द को लाकर गलती की गई। कहा कि जहां भी धार्मिक शिक्षा का नाम आएगा तो वहां सवाल खड़ा होगा। मौलाना ने कहा अब मदरसों के सामने संकट खड़ा हो गया है, इनको चलाना और बचाए रखना बड़ा मुद्दा बन गया है। मदरसों के जरिए समुदाय के बच्चे शिक्षा हासिल कर रहे थे। अब मदरसों का वजूद खतरे में पड़ जाएगा।

## जंक्शन पर लंगूर ने यात्री पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर बंदरों के बाद अब लंगूर ने भी यात्रियों पर हमला करना शुरू कर दिया है। शनिवार को भी लंगूर ने एक यात्री पर हमला किया। साथियों ने यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया है। लंगूर के हमले में घायल युवक की तस्वीर भी वायरल हो रही है। अब स्टेशन के अधिकारी वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं। वायरल तस्वीर में जंक्शन पर एक युवक घायल अवस्था में खड़ा दिख रहा है। युवक पर ट्रेन से उतरने के बाद लंगूर से हमला किया। इस मामले में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों ने सूचना होने से इन्कार किया। हालांकि आरपीएफ ने बताया कि शुक्रवार को भी तीन यात्रियों पर लंगूर ने हमला कर दिया था। उसको भगाने गए आरपीएफ के सिपाही को भी लंगूर ने दौड़ा लिया था। स्टेशन अधीक्षक भानू प्रताप सिंह ने बताया कि लंगूर के हमले में यात्रियों के घायल होने की जानकारी मिली है। नगर निगम को इस संबंध में पत्र लिखा है। जल्द ही वन विभाग को भी पत्र लिखेंगे।



## कार सवारों ने युवक के अपहरण की कोशिश की

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर में पीलीभीत रोड स्थित ढाबा से युवक का कार सवारों ने अपहरण करने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सिरौली के गांव अटा फुंदापुर निवासी रंजन शर्मा ने बताया कि 21 मार्च को रात साढ़े नौ बजे वह पीलीभीत रोड स्थित एक ढाबा पर खाना खाने गए थे। इसी दौरान एक कार से छह लोग आए। उनमें से एक ने उनका नाम पूछा और गालीगलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद कार में डालकर ले जाने की कोशिश की। इससे उनके सिर में चोट लग गई। रंजन ने कमलेश उर्फ लोकमन, नन्हें और तिलकधारी पर आरोप लगाया है।


रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज





डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174



समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
निःसंतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist





रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136



VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR
VACP SHAHJAHANPUR Excellence towards profession





VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF

| Teaching Staff | Non Teaching Staff |
|---|---|
| • Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience) | • Lab Technician (B.Pharm) |
| • Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience) | • Accountant (M.Com) |
| • Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology) | • Computer Operator (BCA/MCA) |
| • Lecturer (B.Pharm+3 years Experience) | • Lab Attendant (D.Pharm) |

Contact
Director/Principal
Dr. Pradeep Singh
9412852652

## एक नजर

### एसएसपी के आदेश पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दहेज के लिए ससुराल वालों ने पीट कर महिला को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। उनके आदेश पर पुलिस ने पति और ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव पुरैनिया निवासी चमन के अनुसार उसका निकाह किच्छा के गांव कठर्रा गऊ घाट के रहने वाले अरफान से हुआ था। आरोप है कि शराबी पति आए दिन उसके साथ मारपीट कर अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख नकदी और कार लाने का दबाव बनाता था।

### दीपक प्रदेश सचिव, आदित्य जिला प्रवक्ता मनोनीत

**रिठौरा, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के लिए नगर के दीपक यादव को प्रदेश सचिव एवं समाजवादी युवजन सभा का जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से नगर में खुशी की लहर दौड़ गई।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, दो घायल

## शाहाबाद-सिरौली मार्ग पर बैलगाड़ी से टकराई बाइक, एक की मौत

संवाददाता, शिवपुरी

**अमृत विचार :** होली पर घर लौट रहे बाइक सवारों की बाइक बैलगाड़ी में टकरा गई। हादसे बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी किशोर घायल हो गया। सिरौली के गांव शिवपुरी निवासी 21 वर्षीय रामवीर सक्सेना गाजियाबाद में काम करता है। बीते दिनों वह गांव आया तो अपने साथ गांव के ही 14 वर्षीय दीपक को अपने साथ ले गया था।


रामवीर।

होली पर गांव आने के लिए दोनों शनिवार सुबह 4:30 बजे बाइक से घर आ रहे थे। शाहाबाद-सिरौली मार्ग के टांडा गांव के समीप उनकी बाइक एक बैलगाड़ी से टकरा गई। टक्कर से दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दी। परिजन रामवीर की हालत गम्भीर होने पर उसे इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे। उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक 7 भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

### कैंट में कार की टक्कर से बाइक सवार घायल



**कैंट, अमृत विचार :** कैंट के बुखारा चौराहे पर शनिवार दोपहर करीब 3 बजे रामगंगा की तरफ से आ रही सिपाही की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना कोतवाली में तैनात सिपाही विक्की सिंह शनिवार दोपहर वह पत्नी और मां के साथ कार से मनौना धाम खाटू श्याम मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। बुखारा चौराहे पर करेली की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार प्रवेश यादव निवासी मढ़ीनाथ थाना सुभाषनगर को उसकी कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। रफ्तार ज्यादा होने से आगे से कार भीषण क्षतिग्रस्त हो गई। एयरबैग खुलने से कार सवारी सभी सुरक्षित हैं।

### खेत जोतते समय ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत



**बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़ के गांव मोहद्दीनपुर में खेत जोतते समय ट्रैक्टर पलटने से एक युवक नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह नौ बजे धनवीर सिंह का बेटा विजय सिंह (35) खर्रा नदी के किनारे खेत जोत रहा था। अचानक ट्रैक्टर पलट गया। लोगों ने विजय को ट्रैक्टर के नीचे दबा देखा। किसी तरह विजय को नीचे से निकाला और अस्पताल लेकर भागे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। विजय के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। घटना से पत्नी बच्चों एवं बुजुर्ग माता-पिता समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शोकाकुल परिवार ने विजय को अंतिम विदाई दी।

### बाइक और ई रिक्शा की भिड़ंत में मजदूर की मौत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** सकरस बिजौरिया रोड पर बाइक और ई रिक्शा की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार रात करीब साढ़े दस का है। रूद्रपुर में रहकर मजदूरी करने वाले गांव जसाईनागर निवासी विशाल रूद्रपुर से अपने गांव लौट रहा था। गांव से कुछ किमी पहले सकरस बिजौरिया रोड पर गलत दिशा में आ रहे ई रिक्शे ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विशाल (21) की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मौके पर गई पुलिस ने शव को पहले सरकारी अस्पताल भिजवाया। परिजनों की चीखें लोगों का दिल दहला रही थीं। पिता रेवा लाल के अनुसार, विशाल रूद्रपुर में मेहनत मजदूरी कर परिवार के भरण पोषण में हाथ बंटाता था।

## सार-संक्षेप

### सैलानी में फायरिंग से मची दहशत

**बरेली अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में सैलानी में शनिवार देर रात कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। फायरिंग से भगदड़ मच गई और लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक सभी आरोपी भाग गए। फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ है, जिससे पुलिस आरोपी की पहचान कर रही है। रात में कुछ लोग सैलानी में पहुंचे और किसी बात को लेकर आपस में विवाद करने लगे। एक आरोपी ने तमंचे से फायरिंग करना शुरू कर दिया। लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर बारादरी अमित कुमार पांडेय ने लोगों से पूछताछ की। देर रात तक किसी ने घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से सात गोवंशीय पशुओं की मौत

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आने से सात गौवंशीय पशुओं की मौत हो गई। पशुओं के टकराने से जनसाधारण एक्सप्रेस को कई झटके लगे इसके बाद अन्य ट्रेनों को कासन पर चलाया गया। शनिवार शाम सात बजे जनसाधारण एक्सप्रेस डाउन लाइन से गुजर रही थी। इसी दौरान रेलवे फाटक के समीप गोवंशीय पशुओं का झुंड जनसाधारण एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे सात पशुओं की मौत हो गई। पशुओं के टकराने से तीव्र गति से दौड़ रही जनसाधारण एक्सप्रेस को कई झटके लगे और ट्रेन बेपटरी होते -होते बच गई। पशुओं के टकराने की सूचना केबिन मैन ने बिलपुर स्टेशन मास्टर को दी तो डाउन दिशा से गुजरने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस, दरभंगा अमृतसर एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों को कासन देकर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोसेवकों ने पशुओं के अवशेषों को दफनाया। इस दौरान काफी समय तक रेलवे फाटक बंद रहने से राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### होली के गीतों पर देर रात तक झूमते रहे लोग



**फरीदपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक ब्रह्मदेव मिश्रा के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम हुआ, जिसमें क्षेत्रीय कलाकार भागीरथ और कमल ने होली के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर लोग देर रात तक झूमते रहे। जिला संघचालक महेश चौधरी ने होली गीत सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। भजन संध्या के समापन पर फूलों की होली, सामूहिक नृत्य और गायन के साथ खेली गई जिसमें प्रमुख रूप से विभाग कार्यवाह मिथिलेश चौहान जिला कार्यवाह अभिमन्यु विहिप के विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह देवदत शर्मा जिला घुमंतु कार्यप्रमुख संजीव सिंह नवीन शर्मा संजय चौहान नरसेवा नारायणसेवा ग्रुप के अध्यक्ष अमित सिंह,व्यापार मंडल के अनुज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बच्चों ने खेली होली, लगाया एक-दूसरे को गुलाल



**रिठौरा, अमृत विचार :** कस्बे के पीएनदीवान पब्लिक स्कूल, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, कलारी, कलापुर, जीएलबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों ने होली खेली। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने बच्चों को भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई। वहीं शिक्षकों ने भी एक दूसरे को रंग -गुलाल लगाकर एक -दूसरे होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. शिखा अग्रवाल, एकता सक्सेना, राजेश शर्मा, दीपाली सक्सेना, मयंक मल्होत्रा, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल, तरन्नुम प्रज्ञा गुप्ता सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## विरोध के बाद दो सप्ताह बाद ही नगर पालिका परिषद ने उखाड़ी सड़क


दो सप्ताह पहले डाले गए रोड को उखाड़ते नगर पालिका परिषद के कर्मचारी।

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** दो सप्ताह पूर्व नगर पालिका की ओर से नगर के मोहल्ला नाला पार इस्लामनगर स्थित कब्रिस्तान तक के लिए 50 मीटर के टुकड़े पर सड़क का निर्माण कराया गया था।

रोड के पड़ोसी भूस्वामी के विरोध पर एसडीएम नवाबगंज ने निर्माण कार्य रुकवा दिया जिसे नगर परिषद ने आनन -फानन उखड़वा डाला। बिजौरिया स्थित कब्रिस्तान तक जाने के लिए कोई अधिकृत रास्ता नहीं था और राहगीर भूस्वामी मुंशी लाल व केतराम के खेत से होकर गुजरते थे। इस पर कालोनाइजरों ने मिट्टी डालकर रास्ता बना दिया पर मुस्लिम समुदाय इस पर रोड डलवाने की मांग कर रहा था। मुस्लिम समुदाय की मांग पर नगर परिषद की ओर से इस टुकड़े पर सीसी रोड डलवाया गया जिसका पड़ोसी खातेदार ने विरोध किया था। पालिका द्वारा पड़वाए गए सीसी मार्ग को एकाएक उखड़वा लेने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

## चुनाव में मिली जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं

**फरीदपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला चुनाव अधिकारी रविंद्र कुमार ने फरीदपुर क्षेत्र का किया दौरा। उन्होंने सबसे पहले केसीएमटी कॉलेज में जाकर सुरक्षा बलों के ठहरने की व्यवस्था देखी फिर संवेदनशील पोलिंग बूथ को देखने ग्राम जेड भी पहुंचे। इसके बाद फरीदपुर में मॉडल बूथ और पिंक बूथ का निरीक्षण किया। इसके बाद फतेहगंज पूर्वी में कृषक समाज इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ का भी निरीक्षण किया।

वापस आकर फरीदपुर तहसील सभागार में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को चुनाव संबंधी गाइडलाइंस का पालन और संबंधित अधिकारी को मिली जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता के साथ निभाने का पाठ पढ़ाया। बैठक में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व एफएसटी टीम को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि हर हाल में चुनाव को पूरी निष्पक्षता व शांति व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जाना है।

### दो साल पहले मृत महिला के नाम गन्ना बिक्री का आरोप

**गुलड़िया, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गुरुगांव मुश्किल विकासखंड मझगवा के एक गांव में दो गन्ना क्रय केंद्र है जो डीएस शुगर मिल मीरगंज गन्ना समिति के हैं। गन्ना की खरीदी -बिक्री में जुटे दलाल मिल कर्मचारियों से मिली भगत करके दो साल पहले मृत महिला के नाम से गन्ना सट्टे की पर्ची जारी कराके बिक्री करके पैसा निकाल रहे हैं। इसकी शिकायत एक ग्रामीण ने उच्च अधिकारियों से की हैं। मृतक महिला की भूमि 1 सितंबर 2022 को दस लोगों के नाम ओरासत कर दी गई है, इसके बाद भी उसके नाम से गन्ना खरीद हो रही हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि दलाल किसानों का गन्ना कम रेट में खरीद लेते है और अधिक दामों में गन्ना मिल को भेज देते हैं जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई है। यशपाल सिंह गन्ना अधिकारी ने बताया की एक लिखित शिकायत मिली है जिसकी जांच कराई जा रही है जांच करने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

### पीडब्ल्यूडी ने मांगा किसानों का विवरण

**आंवला, अमृत विचार :** टिटौली-बागरपुर निर्माणाधीन सेतु से पहुंच मार्ग तक अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का लोक निर्माण विभाग ने तहसील से विवरण मांगा है। बदायूं निर्माण खण्ड-2 लोकनिर्माण विभाग अधिशासी अभियंता ने एसडीएम आंवला को पत्र भेजकर बताया कि बदायूं के टिटौली से बरेली के बागरपुर मार्ग पर अरिल नदी पर सेतु का निर्माण किया जा रहा है। सेतु से बागरपुर की ओर बनने बाले पहुंच मार्ग हेतु कृषकों की अधिग्रहण की जाने वाली भूमि में प्रत्येक कृषक का अंश निर्धारण और सर्किल रेट का विवरण उपलब्ध करायें, जिससे मुआवजा दिया जा सके।

### दहेज के लिए रिश्ता तोड़ा, पिता -पुत्रों पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** नगर पंचायत फरीदपुर के मोहल्ला टांडा निवासी बाबू ने रिश्ता तय हो जाने के बावजूद दूसरी जगह से अधिक दहेज मिलने की बात कहकर रिश्ता तोड़ दिया था। जिसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने पिता और दो बेटों पर रिपोर्ट दर्ज की हैं। शिकायत करता बाबू के अनुसार, उसने पड़ोसी मो. हनीफ के बेटे नदीम के साथ पिछले साल बेटी का रिश्ता तय किया था। आरोप है कि नदीम ने कुछ समय पहले दूसरी जगह से 12 लाख रुपये और कार मिलने पर ही निकाह करने की बात कही तो पैरों तले की जमीन खिसक गयी। नदीम व उसके परिजनों को अपनी इज्जत का हवाला देकर मान मनुहार भी की लेकिन नतीजा सिफर रहा।

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शोभित गुप्ता पुत्र श्री मुकेश गुप्ता निवासी गली नं. 6 गणेश नगर नेकपुर बरेली ने अपने एक किता मकान रकवा 62.70 वर्गमी गाटा सं. 384 का भाग ग्राम नेकपुर बाहर चुंगी तहसील व जिला बरेली को उम्मीद हाउसिंग फाइनेन्स लि. बरेली में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु लोन का आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता मूल बैनामा दिनांकित 16.06.2014 जो कि सावित्री देवी ने श्रीमती भानवती के हक में जिसकी रजिस्ट्री बही नं 1 जिल्द 7150 पेज 1 से 30 नं. 8279 सदर बरेली में हुई है बाबत एक किता मकान रकवा 62.70 वर्गमी गाटा सं. 384 का भाग ग्राम नेकपुर बाहर चुंगी तहसील व जिला बरेली, कही खो गया है। जिसकी सूचना 08.03.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को को आपत्ति नही है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना, एडवोकेट
872, चन्द्र निवास, भूड़ कन्या डिग्री कॉलेज के सामने, बरेली, मो. 9837205613

### भंडारे में पहुंचे श्रद्धालु

**बिशारतगंज :** कंधरपुर गांव में भागवत कथा के विश्राम बाद शनिवार को भंडारे में कंधरपुर गांव के अलावा शिवनगर मिर्जापुर सुल्तानपुर किशनपुर आदि गांव के लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### छुट्टा पशुओं को पकड़ने की झूठी रिपोर्ट भेजी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में भाकियू (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष चौधरी सुधीर बालियान की अध्यक्षता में किसानों की बैठक हुई। जिसमें गांव मनकरी में छुट्टा पशुओं के पकड़ने की अधिकारियों को भेजी गई झूठी रिपोर्ट का मुद्दा छाया रहा। किसानों का कहना है कि गांव में छुट्टा पशुओं की समस्या वैसी है। पांच दिन पहले गाय ने भाकियू तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान पर हमला करके घायल कर दिया था। भाकियू किसानों ने झूठी रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### शहीदी दिवस के साथ स्वयंसेवकों ने मनाई होली

**आंवला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में होली मनाई गई। होली से पूर्व स्वयंसेवकों ने सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान को याद किया। होली उत्सव में संघ के बाल स्वयंसेवकों एवं व्यवसायी शाखा के स्वयंसेवकों ने गुलाल लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला प्रचारक धर्मेन्द्र, नगर संघचालक डॉ. सुरेश, सह संघचालक सत्यपाल, नगर कार्यवाह गौरवित, अंकुर, विपिन, गोपाल, धर्मेन्द्र कुमार समेत आदि स्वयं सेवक शामिल रहे।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, शाहजहांपुर

संख्या:- 1306/जि.आ.अ./चेतावनी/शाहजहांपुर दिनांक: 22 मार्च 2024

आवश्यक सूचना/चेतावनी

विष POISON

होली त्यौहार के दृष्टिगत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्ड़ों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक घातक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जोन के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी दशा में अवैध स्थानों व अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी शाहजहांपुर के निम्न नम्बरों/टॉल फ्री पर तत्काल सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

1. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 तहसील सदर, शाहजहांपुर - 9454466488
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 तहसील पुवायां, शाहजहांपुर- 9454466491
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 तहसील तिलहर, शाहजहांपुर- 7905597309
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 तहसील जलालाबाद, शाहजहांपुर- 9454466539
5. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 तहसील कलान, शाहजहांपुर- 9454466492
6. कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, शाहजहांपुर का टोलफ्री नं.- 8273357370

जिला आबकारी अधिकारी शाहजहांपुर — जिलाधिकारी शाहजहांपुर

### देवर पर लगाया घर से निकालने का आरोप

**आंवला :** एक विधवा ने देवर पर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। अलीगंज के गांव भजनई निवासी विधवा गुड़िया ने बताया कि उसके पति की आठ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। उसके देवर ने झूठे आरोप लगाकर उसे घर से निकाल दिया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओबस्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

Manoj Khanna
For C.C.Tv
For BIOMETRIC, REMOTE LOCKS SECURITY & FIRE ALARM'S
......total security solutions
Techno India
R/8 B, Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
Mob:. 9412294008, 8057020000

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082

ICSE Pattern (Affiliated to ICSE Board New Delhi) ISO Certified 9001:2015
DOABA CONVENT SCHOOL
PNC to X
Khajuria Ghat, Airport Road, Bareilly
ADMISSIONS OPEN
Salient Features :
• Highly Qualified & Trained Staff • State-of-the Art Infrastructure • Computer Lab • Smart Classes • CCTV Monitering • Ultra Modern Physics, Chemistry & Bio Lab • Well Stocked Library
Chairman : B.K. Gupta
Mob. : 9927692913, 8630947658
Website : www.ssddcldoaba.org

# वसंतोत्सवों का चरम होली



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकत्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ0 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

# हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं,जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं,बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं,बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है,जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

# होली का वैदिक स्वरूप



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रात: मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है,इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था,तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है,जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं,सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा,उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं,वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ,आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म,अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने,कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

## मूल प्रवृत्ति

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी,इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया,भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती,क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है,लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा,यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

## गुर्दे और जल संरक्षण


पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा।



आर्य सागर खारी
नोएडा

इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है,जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

# बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुन: इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी,लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी,लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेसटानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है,बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स,पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स,और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

## भगत सिंह और उनके विचार

भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे,दृष्टा थे,युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे,लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं,लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं,युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

## सार-संक्षेप

### होली उत्सव में बच्चों ने उड़ाए रंग-गुलाल



**आंवला, अमृत विचार :** सर गंगाराम सरस्वती ज्ञान पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति कश्यप शामिल हुई। बच्चों ने होली के गीतों पर प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने बच्चों के बारे में होली के बारे में बताया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और महिलाओं ने बच्चों के साथ होली के गीतों पर नृत्य किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना मौर्य, बीना रस्तोगी, उषा सतीजा, कांता रस्तोगी, सीमा सक्सेना, आदि महिलाएं मौजूद रहीं। विद्यालय प्रधानाचार्य एवं आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक प्रमुख आरती यादव ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन राधा रानी रस्तोगी ने किया।

### परिषदीय विद्यालयों के बच्चे कंप्यूटर में होंगे पारंगत

**देवरनियां, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के बच्चे भी अब कंप्यूटर में पारंगत होंगे , साइबर ठगी के प्रति जागरूक होंगे। इसके लिए कक्षा 6,7,8 की विज्ञान की पुस्तकों में पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। उसमें कंप्यूटर और साइबर सुरक्षा से संबंधित सामग्री को जोड़ा गया है । शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदपुर में डिजिटल लिटरेसी, कम्पयूटेंशन थिंकिंग कोडिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पांच दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का समापन हुआ। जिसमें दमखोदा, आलमपुर जाफराबाद,फरीदपुर, क्यारा , बिथरी चैनपुर, फतेहगंज, बहेड़ी, भदपुरा मीरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डायट प्राचार्या कल्पना सिंह ने होली की पूर्व संध्या पर बधाई दी।

### भदपुरा ब्लॉक में शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** जेंडर इक्विटी के तहत पावर एंजिल के सशक्तीकरण व किशोर किशोरियों में विभिन्न मुद्दों पर समझ बनाने और उनके साथ सकारात्मक चर्चा करने पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का भदपुरा ब्लॉक में समापन हुआ। इसमें विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली कॉमिक्स बुक्स व प्रगति के पंख किताब पर भी चर्चा,जानकारी व विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें भदपुरा के सभी जूनियर विद्यालयों से मीना मंच सुगमकर्ता शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।स्टेट ट्रेनर डॉ. अल्पना गुप्ता ने प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### दुकानों से खाद्य निरीक्षक ने लिए खोया-पनीर के सैंपल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** खाद्य निरीक्षक ने एसडीएम नवाबगंज के साथ नगर में चल रही मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। टीम के छापेमारी की सूचना पर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने कई मिठाइयों की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान करन सिंह ने नगर के प्रमुख मिठाई विक्रेता जयगुरुदेव मिष्ठान भंडार से खोया और पनीर के सैंपल लिए। सुंदरी मंडल अध्यक्ष शशी कपूर ने जिलाधिकारी के साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर नगर से लेकर गांव देहात की दुकान पर बनावटी मावे से निर्मित मिठाइयों की बिक्री किए जाने की शिकायत की थी।

### होली महोत्सव में मनोहारी झांकियों ने मोहा मन



**नवाबगंज, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने होली महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही विशिष्ट हस्तियों ने भाग लिया। इस दौरान राधा कृष्ण की मनोहारी झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रुहेलखंड मेडीकल आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सतीश चन्द्र सागर के मुख्य आतिथ्य में हुए इस समारोह में पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र अटल व उपजा के अध्यक्ष डॉ. पवन सक्सेना के साथ ही आयोजन समिति के प्रदीप सूरी, सुरेश चन्द्र शुक्ला, ब्रजेश शर्मा, राजीव गुप्ता, धर्मपाल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोजा इफ्तार में पेश की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल



**बरेली ,अमृत विचार :** फैजान-ए-नियाजिया वेलफेयर सोसायटी की ओर से शनिवार को कार्यालय ऐवान-ए-नियजिया पर रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ, जिसमें सोसायटी के बानी डॉ. कमाल मियां नियाजी समेत बड़ी तादाद में लोगों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि रोजा इफ्तार में सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लेकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। सोसायटी के अध्यक्ष हमजा मियां नियाजी ने सभी का आभार जताया। जैन मियां नियाजी, मुत्तकी मियां नियाजी, सैयद यावर अली नियाजी, राशिद नियाजी, वसीम, नियाजी, हसीन नियाजी, सूफी नसीम उर रहमान, फैज नियाजी, अबरेज नियाजी, दानिश नियाजी, मुजाहिद नियाजी, मुबारक अली नियाजी आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को रेलवे नियमों के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी के निर्देशन में इज्जतनगर मंडल के बरेली जंक्शन-बदायूं रेल खंड के बीच पड़ने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय राफियाबाद, प्राथमिक विद्यालय वाहनपुर, कैमुआ, आलमपुर जफराबाद और ग्राम पंचायत मजनूपुर में अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने, केवल रेलवे फाटकों से ही ट्रैक पार करने, पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने आदि की जानकारी देकर रेलवे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। लगभग 450 विद्यार्थियों को संरक्षा पोस्टरों का वितरण किया गया।

### शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में मना होली उत्सव




**बरेली, अमृत विचार :** दूरदर्शन केंद्र के समीप शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली उत्सव मनाया गया। किंडरगार्डन के बच्चों ने शिक्षकों और साथियों के साथ फूलों की होली खेली। बच्चे रंग बिरंगे परिधानों में चेहरों पर तरह- तरह के मुखौटे लगाए थे। कुछ बच्चे राधाकृष्ण की वेशभूषा में सजकर आए थे। शिक्षिका जानकी बिष्ट, शिवानी यादव, मनोरमा, बविता, हर्षिता, मानसी, दीपू, अंजली, प्रीति मौजूद रहीं।

### युवती से छेड़छाड़ कर रहे युवक को पुलिस को सौंपा

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि वह थाना क्षेत्र के फाफा लाइन के पास ट्यूशन पढ़ाने जाती है। चनेहटा गांव का एक युवक आए दिन उसका पीछा करता है। विरोध करने पर अश्लील टिप्पणियां व जान से मारने की धमकी देकर चला जाता था। शनिवार सुबह करीब 10 :30 बजे युवती ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। इसी बीच आरोपी स्कूटी से पीछा करते हुए वीरांगना चौक से आगे छावनी परिषद कार्यालय रोड पर युवती को रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर राहगीर एकत्र हो गए। जिन्होंने युवक को पकड़ कर कैंट पुलिस को सौंप दिया। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी अरविंद कुमार निवासी ग्राम चनेहटा थाना कैंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुलिस लाइन में नौकरी लगवाने के बहाने युवक से की ठगी

## पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने युवक की मां से की छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में इलेक्ट्रिशियन के पद पर नौकरी दिलाने के बहाने युवक से हजारों रुपये की ठगी की गई। नौकरी न मिलने पर जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और युवक की मां से छेड़छाड़ भी की। युवक की मां की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौपुला निवासी महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका बेटा बेरोजगार है। चौपुला निवासी शुभम वर्मा ने बताया कि उसकी पुलिस लाइन में आरआई से जान पहचान है। वहां संविदा पर इलेक्ट्रिशियन के पद रिक्त हैं। उनके बेटे ने शुभम से बात की तो उसने 18 हजार रुपये मांगे। पैसे देने पर भी जब नौकरी नहीं लगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। आठ मार्च को शुभम उनके घर पर दो अज्ञात लोगों के साथ आया और उनके बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। उसने छेड़छाड़ की। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने शुभम और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लकड़ी खरीदने के बहाने तीन लाख रुपये ठगे

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका क्षेत्र के बसई गांव के रमेश चंद्र ने बताया कि मैं लकड़ी का काम करता हूं। एक दिन लकड़ी ठेकेदार धरमपुरा के आए तो बोले हमने लकड़ी नगरिया में खरीदी है, जिसकी कीमत 10 लाख है उसमें रुपये कम पड़ रहे हैं आप पार्टनर हो जाएं आपको मुनाफे का हिस्सा दे देंगे । इसके बाद उसने तीन लाख मुझसे ले लिए। बाद में पता चला कि इन लोगों ने लकड़ी भी बेच दी और मुझे मुनाफ भी नहीं दिया। बाद में रुपये मांगने पर आरोपियों गाली देकर भगा दिया। पीड़ित ने थाने में कार्रवाई की मांग की।

## भाई की मौत का बदला लेने को किया था दंपती पर हमला

**भमोरा, अमृत विचार :** वृद्ध दंपती को जान से मारने की नीयत हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपी ने बताया कि उसने भाई की मौत का बदला लेने के लिए जानलेवा हमला किया था, इस मामले में दो आरोपी अभी तक फरार हैं।गुरुवार देर रात बाबू नगला निवासी वृद्ध दंपती भोगराज और चंद्रकली को धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी उनका भतीजा राजू निकला। उसने बताया कि 2 साल पहले उसके भाई दिनेश की ऊपरी चक्कर का इलाज भोगराज ने किया था, इसके बाद भी भाई की मौत हो गई थी, तब से वह भाई की मौत का जिम्मेदार ताऊ भोगराज को मानता था। दो दिन पूर्व पानीपत से ताऊ को गुरुवार रात छोटे भाई बबलू और विमल के साथ लाए गए धारदार हथियारों से हमला करके ताऊ और ताई को घायल कर दिया।

### होली पर खपत के लिए आई अंग्रेजी शराब पकड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** होली में खपत के लिए हरियाणा से अंग्रेजी शराब मंगाई जा रही है। किला पुलिस ने एफएसटी के साथ कार से शराब ला रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। किला इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने बताया कि तिलक इंटर कॉलेज के पास कार की तलाशी लेने पर अलग-अलग ब्रांड की 69 बोतल शराब बरामद की है। पकड़े गए आरोपी सुरजीत निवासी गोपालपुर फरीदपुर और रामवीर निवासी नवदिया किला हैं। आरोपियों ने बताया कि इस शराब को होली पर अधिक दाम में बेचते। पुलिस ने कार को सीज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### छात्रों ने गुलाल उड़ाकर मनाया होली का त्योहार

**मीरगंज, अमृत विचार :** अनुबिस डिग्री कॉलेज में शनिवार को होली महोत्सव मनाया। छात्रों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर सचिव सतेन्द्र सिंह यादव, देवेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल,प्राची मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## आंवला चेयरमैन के कराए कार्यों की होगी जांच

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने गठित की तीन सदस्यीय टीम

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला चेयरमैन पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने समेत 6 बिदुओं की जांच होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से डीएम को भेजे गए पत्र में जांच को कहा गया है। एसडीएम ने 3 सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश दिए है।

कस्बे के मोहल्ला गंज गौसिया चौक निवासी विशंबर दयाल ने 9 फरवरी को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पालिका परिषद चेयरमैन सय्यद आबिद अली पर पद का दुरुउपयोग कर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न करके बेखौफ होकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकारी धन निकालने की कोशिश कर रहे हैं। मोहल्ला ताडगंज में डूडा की ओर से 96 प्रधानमंत्री आवास बनवाए गए थे। जिनमें 30 आवास अनुसूचित जाति के शेष रह गए थे। जिनमें चेयरमैन ने नियम ताक पर रखकर सुविधा शुल्क वसूलकर 10 अपात्रों को आवास आंवटित कर दिए। इसी क्रम में रामनगर रोडवेज बस स्टॉप पर सम्राट अशोक चौराहा पार्क का सौंदर्यीकरण, महाराण प्रताप चौराहा पर सरकारी धन का दुरुउपयोग किया गया है। नाला पार प्रवेश द्वार के समीप सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करवा दिया है। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को मानक से अधिक लगाया है। एसडीएम आंवला नहने राम ने डीएम के आदेश पर इस मामले में 3 सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में तहसीलदार आंवला, सहायक अभियंता निर्माण खण्ड-1 पीडब्लूडी बरेली, परियोजना अधिकारी डूडा बरेली शामिल है।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्योहार

**धौराटांडा, अमृत विचार :** भोजीपुरा के धौराटांडा में शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण उत्तरी मुकेश मिश्रा, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव और सीओ नितिन कुमार ने होली पर निकलने जुलूस वाले रूट का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा आपसी सौहार्द के साथ होली मनाए ।

### पीआरडी जवानों का प्रशिक्षण पूरा

**बरेली,अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल ( पीआरडी ) के जवानों का सिमरा बोरीपुर में 15 दिवसीय मंडलीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। शिविर में बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के 205 महिला और पुरुष पीआरडी जवान शामिल हुए। उप निदेशक वीसी श्रीवास्तव ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह, अमित कुमार सिंह, प्रधानाचार्य ठाकुर साहब इंटर कॉलेज सिमरा बोरीपुर, दानिश, मनोज कुमार, सोमेंद्र, अनुराग, हरिओम, विजेंद्र, अमर सिंह, शैफाली, अन्नपूर्णा आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**बरेली,अमृत विचार :** मेधावी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य लतेश रानी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को मेहनत से पढ़ाई कर स्कूल और माता पिता का नाम रोशन करना चाहिए। स्कूल मैनेजर अवनींद्र,निदेशक डॉ. मनोज भारद्वाज, उमा वर्मा, रजनी सागर, पल्लवी सक्सेना ,आरती सक्सेना ,इंद्रा,गुप्ता, खुशी यादव मौजूद रहीं।

### बलिदान दिवस पर शहीदों को किया याद




**बरेली,अमृत विचार :** बलिदान दिवस पर मानव सेवा क्लब ने शनिवार को डीडीपुरम में शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हुई विचार गोष्ठी में इतिहासकार रणजीत पांचाले ने सभी बलिदानियों के पराक्रम और देशप्रेम से युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू, मुकेश, अभय, वेदप्रकाश, किरन, इंद्र, अनिल सक्सेना, अखिलेश कुमार,विजय कपूर आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह की क्रांति की मशाल आज भी जल रही



**बरेली, अमृत विचार :** लेखक सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि भारतीय समाज में साढ़े तेईस वर्ष का एक नौजवान भगत सिंह क्रांति की एक ऐसी मशाल बने, जो आज भी लोगों के दिल और दिमाग में जलती रहती है। भारत की क्रांतिकारी चेतना को भगत सिंह ने अपने लहू से खाद-पानी दिया तो अपने विचारों से उसे पल्लवित किया और इंकलाब जिंदाबाद के प्रतीक बन गए। वह शनिवार को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत पर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से सुरेश शर्मा नगर में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्य वक्ता गीता शांत ने कहा कि भगत सिंह की जिंदगी और मौत हमारे सामने कुछ चुनौतियां प्रस्तुत करती हैं। पहली चुनौती जो सामने आती है वह यह कि आप अन्याय के खिलाफ संघर्ष में आगे आएं। आशीष शुक्ला ने कहा कि भगत सिंह मेहनतकशों का राज कायम करना चाहते थे। उप महामंत्री ललित,दिनेश सक्सेना,चरण सिंह यादव,अवतार सिंह, जगन्नाथ, शैलेंद्र, आरके सिंह, कैलाश, सर्वेश मौर्या, देवीदास आदि ने भी विचार रखे। ट्रेड यूनियन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा के आवास पर हुई गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश सक्सेना ने की।

### नारकोटिक्स विभाग की टीम ने चार लोगों को पकड़ा

**फरीदपुर अमृत विचार :** नारकोटिक्स ड्रग्स विभाग की टीम में फरीदपुर पुलिस के साथ प्रतिबंधित दबाओं के साथ चार लोगों को हिरासत में लिया। जिनसे देर रात तक पूछताछ करती। हालांकि पुलिस ने मीडिया कोई जानकारी नहीं दी। वहीं पकड़े गए लोगों को छुड़ाने के लिए कुछ स्थानीय नेता थाने के आसपास दिखाई दिए। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए लोगों से बड़ी संख्या में नशीली दवाएं बरामद हुई। पुलिस ने एक को मेडिकल मोहल्ला फररखपुर और दूसरे को थाना क्षेत्र के ग्राम जेड से प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़ा, बाकी दो लोगों को कहा से उठाया इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

### आरपीएफ ने जंक्शन पर पकड़े छह अवैध वेंडर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर आरपीएफ ने शनिवार को छह अवैध वेंडरों को पकड़ा। सभी ट्रेनों के आने पर फेरी लगाकर खाने पीने की वस्तुएं बेच रहे थे। होली से पहले आरपीएफ अब तक 24 वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है।

### जंक्शन पर महिला अफीम के साथ गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन जीआरपी ने शनिवार को प्लेटफार्म नंबर पांच पर टीन शेड के पास से एक महिला को 435 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। महिला की पहचान मोबीना निवासी बिशारतगंज के रूप में हुई। इस दौरान उसका साथी अलीगंज के बिहारीपुर गांव निवासी अय्यूब भाग गया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया एसआई नरेंद्र पाल सिंह, एसआई चमन सिंह, हेड कांस्टेबल अर्जुन सिंह, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, सुजाता गौतम के साथ गश्त के दौरान महिला को पकड़ा है।

## बिना धूल हटाए सड़क डालने के मामले में डीएम ने मांगा जवाब

**बरेली, अमृत विचार :** बिना धूल हटाए सड़क का निर्माण कराने के मामले का डीएम ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से जवाब मांगा है।

दो दिन पहले भोजीपुरा के गांव दीदार पट्टी निवासी श्रीपाल, जय सिंह, कुलदीप यादव, विजय यादव आदि ने ठेकेदार पर गांव से नैनीताल हाईवे को जोड़ने वाले करीब दो किलोमीटर मार्ग का निर्माण घटिया तरीके से करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि ठेकेदार ने बिना धूल हटाए ही सड़क का निर्माण करा दिया। जिससे रोड के जल्द टूटने की आशंका है। आरोप है कि क्षेत्र में कई अन्य सड़कों का जिम्मा भी इसी ठेकेदार पर है। ग्रामीणों ने गांव में पड़ रही डामरयुक्त सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने की भी मांग की थी।

एक्सईएन नारायण सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण तीन दिन पहले ही कराया है। बिना धूल सड़क डालने की जांच कराई गई, लेकिन ऐसा कुछ सामने नहीं आया, जिससे यह तय हो सके काम घटिया तरीके से कराया जा रहा है। मंगलवार को साक्ष्यों के साथ रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी जाएगी।

### डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। इस दौरान हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि राम मनोहर लोहिया ने देश की राजनीति में बदलाव की बयार आजादी से पहले ही ला दी थी। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। संजीव सक्सेना, संजीव यादव, दीपक शर्मा, राजेश अग्रवाल, प्रमोद विष्ट, तनवीर उल इस्लाम, मनोहर पटेल, रविंद्र यादव, सय्यद हैदर अली, अशोक यादव, प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी, भूपेंद्र कुर्मी, चंद्र सेन सागर, धीरज यादव आदि मौजूद रहे।





## राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह

## पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति

## जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी

### चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आईं। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आईं।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

### चुनावी तीर



टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

**-सम्राट चौधरी,** उपमुख्यमंत्री बिहार



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

**डी राजा,** महासचिव भाकपा

# सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या





**अमृत विचार :** अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।


सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला )से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे।

जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।



अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।

भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंतर्धारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।



# चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

- 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज
- महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए



सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गईं करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

## 2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

### 9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

पीलीभीत





लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

## मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में

# ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

### बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा

| विधान सभा | विधायक | दल |
|---|---|---|
| पुरकाजी (सु) | अनिल कुमार | रालोद |
| मीरापुर | चंदन चौहान | रालोद |
| बिजनौर (सु) | मौसम चौधरी | भाजपा |
| चांदपुर | स्वामी ओमवेश | सपा |
| हस्तिनापुर (सु) | दिनेश खटीक | भाजपा |

### बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता

| वर्ष | विजेता | दल |
|---|---|---|
| 2019 | मलूक सिंह नागर | बसपा |
| 2014 | भारतेंद्र सिंह | भाजपा |
| 2009 | संजय सिंह चौहान | रालोद |
| 2004 | मुंशीराम सिंह | रालोद |
| 1999 | शीशराम सिंह रवि | भाजपा |

### मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

### 2019 में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट

### 2004 और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम

## क्या होता है चैलेंज वोट

मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

# अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

## त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा



● पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

### मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं,इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।



इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।


# राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल बिहारी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

● आरपी सिंह, प्रतापगढ़



राजा दिनेश।



स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

**अमृत विचार :** जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था। हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

# चूड़ी–बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

● अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार :** कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।



> सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।
>
> -संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)

### कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा

शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख–बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

# गोंडा की सियासी पिच पर कभी नहीं जीती बसपा

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

### गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।( भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

● 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार



2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

# ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

● विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट

पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।



बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं।

## दोपहर में दो बजे होनी थी चुनावी सभा सुबह चार बजे पहुंची थीं इंदिरा गांधी, जनवरी में कड़ाके की ठंड और आग के सहारे इंतजार करते इंदिरा समर्थक

# ...जब इंदिरा गांधी का रात भर इंतजार करते रहे लोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** बदायूं के लोग 1971 के लोकसभा चुनाव में जनवरी की भीषण ठंड और कोहरे में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रात भर खुले आसमान के नीचे इंतजार करते रहे। वह सुबह 4 बजे सभा स्थल पर पहुंचीं और लोगों से माफी मांगी। कहा कि सत्ता में लौटीं तो जिले का चहुंमुखी विकास होगा। वह सत्ता में आईं लेकिन उनके वादे के मुताबिक विकास बदायूं नहीं पहुंचा। बहरहाल 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी करन सिंह थे। उन्हें 90 हजार से अधिक वोट मिले थे।

साल 1971 में लोकसभा भंग होने के बाद चुनाव हुए थे। दिसंबर और जनवरी की भीषण ठंड में इंदिरा गांधी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए निकली थीं। जनवरी के प्रथम सप्ताह में शहर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में दोपहर दो बजे उन्हें चुनावी सभा को संबोधित करना थी। इस्लामिया मैदान में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी करन सिंह और कार्यकर्ताओं ने बांस बल्ली लगाई थीं।

मंच का संचालन कर रहे तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर माइक पर जोर से चिल्ला रहे थे कि इंदिरा जी थोडी देर में यहां आने वाली है। उस दिन भीषण ठंड पड़ रही थी और हल्की बारिश भी हो रही थी। शाम हो गई, फिर रात भी होने लगी। राजेंद्र सिंह राठौर का आश्वासन पूरा ही नहीं हो पा रहा था। ठंड से बचने के लिए लोगों ने मैदान में लगी बल्लियों को जलाकर तापना शुरू कर दिया। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता अलाव जलाने के लिए लकड़ियां और उपले ला रहे थे लेकिन उससे काम नहीं चल रहा था। भीषण ठंड के बीच जनता का धैर्य जवाब दे रहा था।



मंच से जनता को संबोधित करतीं इंदिरा गांधी

**1971** के बाद 1977 में चुनाव हुए। उस चुनाव में भी करन सिंह यादव कांग्रेस से प्रत्याशी रहे। परंतु वह चुनाव हार गए। उन्हें बीएलडी के प्रत्याशी ओंकार सिंह से हार का सामना करना पड़ा।

**1980** में बदायूं लोकसभा सीट से कांग्रेस के मोहम्मद असरार अहमद और उनके बाद 1984 में सलीम इकबाल शेरवानी ने चुनाव जीता, फिर वापसी नहीं हुई।



जानकारी देतीं पूर्व सांसद करन सिंह की पत्नी प्रेमलता यादव और जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह।

### सुबह चार बजे शुरु हो पाई सभा

करन सिंह की पत्नी प्रेम लता यादव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े तीन बजे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने घोषणा की कि इंदिरा गांधी नगर में आ चुकी हैं। कुछ ही देर में वह सभा स्थल पर पहुंच जाएंगी। करीब आधा घंटे बाद वह सभा स्थल पर पहुंची। उन्होंने लोगों से देर से आने पर माफी मांगी और कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो बदायूं के विकास के लिए बहुत कुछ करेंगी। उनकी बात पर विश्वास कर बदायूं की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी करन सिंह को जिता दिया। देश में इंदिरा जी की सरकार बनी।

## सार-संक्षेप

### श्मशान में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**जलालाबाद, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव सराय साधौ के मरघट में खड़े नीम के पेड़ से शनिवार सुबह एक युवक का शव लटकते हुए मिला। देखने के लिए आसपास के गांव की लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एक महिला का नाम लेते हुए हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाल और सीओ ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। वहीं फॉरेंसिक टीम ने सैंपल लिए। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मिर्जापुर के गांव संगहा निवासी नेम सिंह यादव(35) की शादी नहीं हुई थी। वह दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता था। नेम सिंह का एक मकान जलालाबाद के मोहल्ला प्रताप नगर में भी है। वह एक सप्ताह पहले ही दिल्ली से जलालाबाद के मोहल्ला प्रतापनगर स्थित घर आया था लेकिन वह गांव नहीं पहुंचा। जलालाबाद से सटे गांव सराय साधौ से करीब आधा किलोमीटर दूर पश्चिम की ओर शनिवार सुबह करीब आठ बजे लोग खेतों की तरफ गए तो श्मशान में खड़े नीम के पेड़ से उसका शव रस्सी से फंदे पर लटका देखा, इससे सनसनी फैल गई।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 3.15 लाख हड़पे

**अमरोहा, अमृत विचार** : ताइक्वांडो ट्रेनर से पालिका में पुत्र की नौकरी लगवाने के नाम पर नगर पालिका के कर्मी ने 3.15 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में न तो नौकरी लगवाई और न ही पैसे वापस दिए। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर नगर पुलिस ने आरोपी नगर पालिका कर्मी और उसके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की है। दरअसल, नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुल्लाना में अकबरुद्दीन का परिवार रहता है। वह ताइक्वांडो ट्रेनर हैं और मूल रूप से मेघालय के शिलांग के रहने वाले हैं। बताया गया कि अकबरुद्दीन की मुलाकात शहर के मोहल्ला पीरजादा निवासी नगर पालिका में कर्मचारी मंजर अली से हुई थी। आरोप है कि उसने बताया था, चेयरपर्सन और ईओ की कार चलाता है। उसकी बात पर विश्वास करते हुए अकबरुद्दीन ने पालिका में बेटे की नौकरी लगवाने को लेकर मंजर अली को 3.15 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद नौकरी के नाम पर मंजर काफी वक्त तक बहाने बाजी करता रहा। बाद में 2 लाख की ओर मांग की। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने अपने पैसे वापस करने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि आरोपी ने शहर के अन्य लोगों से भी नौकरी लगवाने के नाम पर कई लाख रुपये ले रखे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर नगर पालिका कर्मी मंजर अली व बेटे सलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बदमाशों ने पशु व्यापारियों से लूटे 90 हजार रुपये

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** : रजपुरा थाना क्षेत्र में बाइक से आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े बाइक सवार तीन पशु व्यापारियों पर तमंचे तानकर 90 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। इतना ही नहीं, विरोध करने पर लोगों के साथ मारपीट भी की। घटना को अंजाम देकर बदमाश भाग निकले। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी नवाब, शकील, रहीस पशु व्यापारी हैं। शनिवार को दोपहर तीनों पशु व्यापारी गांव न्यौरा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से बाइक पर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर गांव डोहरी के पास पहुंचे तो बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचे से डराकर पशु व्यापारियों से 90 हजार रुपये, मोबाइल लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट भी की। दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग निकले। इस मामले में पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### होली के दिन शाम पांच बजे तक नहीं बिकेगी शराब व भांग

**लखनऊ,अमृत विचार** : होली के दिन 25 मार्च सोमवार को सुबह से शाम पांच बजे तक अंग्रेजी और देसी शराब, बीयर, माडल शॉप और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। शाम से रात 10 बजे तक शराब की बिक्री हो सकेगी। राज्य सरकार द्वारा होली के दिन को ड्राई डे घोषित करने के बाद प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी कर दिये गए हैं। ड्राई डे को लेकर हर जिले में शनिवार को गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि बंदी के समय अगर किसी भी दुकान से शराब की बिक्री पाई गई तो लाइसेंस निरस्ते कर दिया जाएगा। मालूम हो कि होली के बाद 29 मार्च को भी प्रदेश में ड्राई डे रहने वाला है। इस दिन गुड फ्राइडे है। होली के अवसर पर बंदी को लेकर शराब के शौकीनों में पहले से ही स्टाकक खरीदकर रखने की होड़ मची है।

### योगी कान्हा की नगरी से शुरू करेंगे चुनावी अभियान

**लखनऊ, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है, ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोक आस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गये हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। बताया कि वह अपना चुनावी अभियान कान्हा की नगरी मथुरा से शुरू करेंगे। 27 मार्च को योगी 27 से लकेर 31 मार्च तक 15 जिलों में प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। मथुरा सुबह 11 बजे, मेरठ में दोपहर क बजे और 3 बजे गाजियाबाद पहुंचेंगे। 28 मार्च को सुबह 11 बजे बिजनौर, दोपहर एक बजे अमरोहा और 3 बजे मुरादाबाद में सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 29 मार्च को शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर और 30 मार्च को बागपत, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर, 31 मार्च को बरेली में अपरान्ह 3 बजे, पीलीभीत में दोपहर एक बजे और रामपुर में सुबह 11 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे।

# पेपर लीक कांड: दोषियों पर कार्रवाई कर नजीर पेश करेगी सरकार

## गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 400 के पार, धड़पकड़ अभी भी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में जारी है ताबड़तोड़ कार्रवाई

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस उस अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार करेगी, जहां से लीक कांड का शूत्रपात हुआ था। पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सरकार पेपर लीक कांड के आरोपियों को सजा दिलाकर नजीर पेश करेगी। गिरफ्तारी के बाद भी अन्य कई कार्रवाईयां होंगी, ताकि कोई दोबारा पेपर लीक करने का साहस न कर सके। क्योंकि इस मामले में सरकार की बहुत किरकिरी हुई है। सख्त कार्रवाई के लिए ऊपर से ही आदेश दिए गए हैं। बतादें कि इस मामले में गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या अब 400 पार हो चुकी है।

मेरठ एसटीएफ ने शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित लेजर रिसॉर्ट के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोप था कि इसी रिसॉर्ट में करीब आठ सौ अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पहले पर्चा पढ़कर सुनाया गया था।

एसटीएफ रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनकड़ से पूछताछ कर उन लोगों तक भी पहुंचेगी, जहां तक एसटीएफ अभी नहीं पहुंच सकी है। हालांकि बुधवार को मेरठ एसटीएफ ने छह आरोपियों को रिमांड पर लिया था। सूत्रों के मुताबिक उन छह आरोपियों ने भी कई नाम कबूले हैं। जाहिर सी बात है कि इस मामले में अभी और जालसाजों का नाम आना बाकी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक कांड में शामिल आरोपियों की संख्या पांच सौ पार भी जा सकती है। क्योंकि इस कांड को लेकर नित नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस के शीर्ष अफसर इस पूरे धड़पकड़ पर नजर रखे हुए हैं। प्रतिदिन की लीड का अपडेट लिया जा रहा है। उन पुलिस कर्मियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, जो इस लीक कांड में शामिल थे।

## खेत पर गए किसान को मगरमच्छ ने मार डाला

**पीलीभीत/अमरिया,अमृत विचारः** घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकले बुजुर्ग किसान का क्षत विक्षत शव देवहा नदी के किनारे पड़ा मिला। बुजुर्ग की मौत मगरमच्छ के हमले में होना बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अमरिया तहसील क्षेत्र के गांव भंगा मोहम्मदगंज निवासी 70 वर्षीय किसान रामभरोसे का खेत देवहा नदी के किनारे है। शुक्रवार शाम करीब छह बजे रामभरोसे खेत जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर शाम तक जब रामभरोसे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने अन्य ग्रामीणों की जानकारी दी। इस पर ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की गई, लेकिन रात में उनका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार सुबह से ही परिजनों और अन्य ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

# करंट से लाइनमैन की गई जान, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आश्रितों को दस लाख रुपये देने व पत्नी को नौकरी के आश्वासन पर माने घरवाले

**अमृत विचार** : विवेकानंद बिजली घर पर तैनात संविदा लाइनमैन की काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव रखकर हंगामा किया।

मौके पर पहुंचे मुख्य अभियंता विद्युत व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उन्हें समझाया। मुख्य अभियंता ने मृतक आश्रितों को दस लाख रुपये कर सहायता और उसकी पत्नी को संविदा पर नौकरी देने की घोषणा की, तब जाकर लोग शांत हुए। बताया जा रहा है कि ग्राम शेरवा धर्मपुर निवासी संविदा लाइनमैन संजीव (35 वर्ष ) ग्लोबल टेक कंपनी के माध्यम से तीन साल से बिजली विभाग में कार्यरत था।132 केवी विद्युत केंद्र पर शुक्रवार देर रात 1 : 05 बजे 33 केवी लाइन का जंफर फुंक गया था। संजीव पुत्र फूल सिंह और पेट्रोलमैन लकी उसे ठीक करने लगे। जंफर ठीक करने के बाद संजीव सीढ़ी से उतर रहा था तो पास से गुजर रही एलटी लाइन का तार सीढ़ी से छू गया। करंट लगने से संजीव के हाथ से सीढ़ी छूट गई और वह नीचे गिर गया। पेट्रोलमैन लकी ने एसडीओ को बताया। एसडीओ अन्य कर्मियों की मदद से लाइनमैन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी सुबह जब उसके परिवार के लोगों को हुई तो वह उपकेंद्र पहुंचे और शव रखकर हंगामा करने लगे।

# बंडा थाने का रिश्वतखोर दरोगा नरेंद्र कुमार सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एंटीकरप्शन टीम ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था, पीड़ित की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार** : एंटी करप्शन टीम द्वारा बंडा थाने के दरोगा नरेंद्र कुमार शर्मा को दस हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़े जाने के मामले में एसपी ने दरोगा को सस्पेंड कर दिया है। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। इधर आरोपित दरोगा को देखने के लिए थाना गेट पर भीड़ लगी रही और टीम देर रात दरोगा को बरेली ले गई।

बंडा थाना के सिपाही विक्रम सिंह ने दो मार्च को सत्यपाल सिंह निवासी भांभी थाना बंडा के कब्जे से दस लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया था। विवेचना बंडा थाने के दरोगा नरेंद्र कुमार शर्मा कर रहे थे। सत्यपाल जमानत पर छूटकर आ गया था। उसका आरोप था कि दरोगा ने उससे दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत न देने पर दरोगा ने धमकी दी थी कि धारा बढ़ाकर जेल भेज दूंगा। पीड़ित ने इसकी शिकायत बरेली में एंटी करप्शन प्रभारी प्रवीण कुमार सन्याल से की थी। उनके निर्देश पर निरीक्षक सुनील कुमार टीम के साथ शुक्रवार की शाम सात बजे बंडा थाने पहुंचे थे और शिकायत कर्ता को दस हजार रुपये केमिकल लगे दिए थे।

# जावेद ने खुद वायरल कराई थी वीडियो

**बदायूं में दो बच्चों की हत्या का मामला**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी दो बच्चों की हत्या मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी साजिद को मुठभेड़ में मार दिया। दूसरे हत्यारोपी जावेद का बरेली का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस की जांच में अब तक पता चला है कि जावेद ने एनकाउंटर के डर से खुद ही अपना वीडियो वायरल कराया था। जावेद के बयान के अनुसार पुलिस दरगाह जाकर जांच की। वहां भी उससे संबंधी कोई डाटा नहीं मिला है।

बाबा कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ठेकेदारी करते हैं। 19 मार्च को उनके घर के पास में हेयर कटिंग की दुकान चलाने वाले साजिद और जावेद ने उनके दो बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की गला रेतकर हत्या कर दी थी। गुस्साई भीड़ ने बवाल किया था। आगजनी की थी। पुलिस ने उसी दिन एक हत्यारोपी साजिद को शेखूपुर के जंगल में मुठभेड़ में मार गिराया था। जबकि दूसरे हत्यारोपी उसके छोटे भाई जावेद की तलाश चल रही थी। वह सहसवान क्षेत्र में अपनी ससुराल, जहां से अपने पिता बाबू से हेयर कटिंग का काम सीखने वाले परिचित के पास दिल्ली पहुंचा था। हत्याकांड के बारे में जानकारी दी थी। परिचित ने कहा था कि अगर भागता रहेगा तो और परेशानी बढ़ जाएगी। जाकर सरेंडर कर दें। जावेद ने कहा कि बदायूं जाएगा तो लोग मार देंगे। परिचित ने बरेली जाकर आत्मसमर्पण करने की सलाह दी तो वह पूरी तैयारी के साथ गुरुवार को बरेली आया था। खुद को बदायूं वाला जावेद बताते हुए वीडियो बनवाया और वायरल करा दिया। बरेली की बारादरी पुलिस उसे पकड़कर ले गई। सूचना मिलने पर बदायूं पुलिस बरेली जाकर उसे ले आई। पूछताछ में उसने बताया था कि मुठभेड़ में मारा गया उसका भाई साजिद बचपन से ही मानसिक रोगी था। वह हिंसक प्रवृत्ति का हो गया था। 8 साल की उम्र में ही दरगाह पर ले जाकर उसका इलाज कराया गया था। पेड़ पर चिट्ठी टांगकर अर्जी लगाई थी। जावेद की गिरफ्तारी के पास पुलिस ने दरगाह पर जानकारी की तो पता चला कि वहां कोई रजिस्ट्रर न होने से वहां आने-जाने वालों का डाटा नहीं रखा जाता। वहीं दरगाह पर साजिद का इलाज करने वाले के बारे में भी पता नहीं चल सका है।

**पांच जनवरी को साजिद ने चढ़ाई थी चादर**

साजिद के बचपन से ही मानसिक बीमार होने की वजह से परिजनों को चिंता हुई थी। हवा का साया होने की बात कहकर शहर की एक दरगाह पर ले गए थे। उसके पिता बाबू दरगाह परिसर में ही रहने लगे थे। साजिद को कुछ आराम मिला तो परिजन उसे वापस घर ले गए थे लेकिन साजिद समय-समय पर दरगाह आता-जाता रहता था। उसने आखिरी बार पांच जनवरी को दरगाह पर चादर चढ़ाई थी।

### न्यायिक अधिकारियों को वेतन और एरियर के लिए मिले 50 करोड़ रूपये

**लखनऊ, अमृत विचार** : राज्य सरकार ने न्यायिक अधिकारियों के वेतन-भत्तों आदि के एरियर भुगतान के लिए 49 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपये की धनराशि हाइकोर्ट के महानिबंधक भेज दी है। यह बकाया द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किए जाने के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में भुगतान किया गया है। शासन के न्याय एवं परामर्शदात्री विभाग के प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत की ओर से शुक्रवार को जारी शासनादेश में धनराशि किस मद की और किसे प्राप्त होनी है, इसका पूरा ब्योरा भी दिया है। हाइकोर्ट के महानिबंधक को संबोधित पत्र में कहा गया है कि द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किए जाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के 4 जनवरी 2024 के आदेश का अनुपालन किए जाने के फलस्वरूप न्यायिक अधिकारियों के वेतन एरियर के भुगतान हेतु अतिरिक्त धनराशि की सरकार ने स्वीकृति दी है।

# डॉ. लोहिया ने कमजोरों के लिए किया संघर्ष

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- डॉ. लोहिया और डॉ.आम्बेडकर के बताए रास्ते पर चल रही सपा

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने भेदभाव, गैरबराबरी, गरीबी, बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गो को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया।

समाजवादी पार्टी, डॉ. लोहिया और डॉ.अम्बेडकर के बताए रास्ते और उनके विचारों पर चल रही है। इन दोनों महापुरुषों के विचारों



पर चलकर ही देश में खुशहाली लायी जा सकती है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ.राम मनोहर लोहिया पार्क में उन्होंने लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

उन्होंने कहा, डॉ. लोहिया ने भेदभाव, गैरबराबरी, गरीबी, बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। समाजवादी पार्टी, समाजवादी विचारों को लेकर चलती है, जबकि भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश हर पैरामीटर में नीचे जा रहा है। भाजपा सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।

### एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को मिलेगी एश्योरेंश की सुविधा

**लखनऊ, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को बीमा की सुविधा मिलेगी। इसके लिए मिशन निदेशक द्वारा सभी जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है , जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को मानव संपदा पोर्टल पर अगले चार कार्य दिवस में पंजीकृत कराया जाये, ताकि ग्रुप एंश्योरेंस पॉलिसी में सभी कर्मचारियों को शामिल किया जा सके। निर्देश देते हुए मिशन निदेशक पिंकी जोवेल ने कहा कि संविदा कर्मियों के पंजीकरण में नाम, पदनाम, जन्मतिथि, योगदान तिथि, लिंग, तैनाती विवरण, निर्धारित मानदेय व नामिनी का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। पोर्टल पर पंजीकृत न होने की दशा में एंश्योरेंश की सुविधा नहीं मिलेगी।

## उत्तराखंड

### सिगरेट पीने के बाद बिगड़ी हालत, मौत

**हल्द्वानी,अमृत विचार** : कौसानी घूमने गए एक टैक्सी चालक की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। एक सिगरेट पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ी तो फिर काबू में नहीं आई। दो अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक अल्मोड़ा के दन्या निवासी विनोद कुमार (35) टैक्सी चालक था। शुक्रवार की सुबह वह कौसानी घूमने गया था।

बताया कि वहां उसने सिगरेट पी और कुछ देर बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। उसके साथियों ने नैनीताल स्थिति बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद हल्द्वानी एसटीएच में रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# चिट फंड फ्रॉड : करोड़ों डकारने वालों पर की गई गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

## हल्द्वानी, कालाढूंगी, दन्या और बागेश्वर में दर्ज हैं कई मुकदमें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- फर्जी कंपनियां खोलकर कुमाऊं के कई जिलों में जाल फैलाया
- गैंग पर 15 करोड़ रुपये से अधिक का गबन करने का है अनुमान

**अमृत विचार** : अलग-अलग जिलों में चिट फंड कंपनी खोल कर करोड़ों के वारे-न्यारे करने वाले एक गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। कई फर्जी कंपनियां खोलकर उसने कुमाऊं के कई जिलों में अपना जाल फैलाया और हजारों लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प ली। गैंग लीडर अरविंद पंत गिरोह पर हल्द्वानी कोतवाली के अलावा कालाढूंगी, दन्या और बागेश्वर में मुकदमे दर्ज हैं।

हल्द्वानी कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद अरविन्द पंत निवासी सोल्जर्स कालोनी बिठौरिया नंबर एक मुखानी, संतोष पंत निवासी गायत्री नगर शारदा फैक्ट्री के पीछे थाना काठगोदाम और आनंद सिंह मेहरा निवासी ज्वाहर ज्योति दमुवाढूंगा थाना काठगोदाम के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इसमें गैंग का लीडर अरविंद पंत है। ये गैंग लोगों से आरडी, एफडी व बचत खाते खुलवाकर इनवेस्टमेंट कराते थे और उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़प लेते थे। अनुमान है कि गैंग ने अभी तक 15 करोड़ रुपये से अधिक का गबन किया है।

**21 लोगों का सवा दो करोड़ गबन किया**

**हल्द्वानी** : ये मामला वर्ष 2022 का है। तब गैंग लीडर अरविंद पंत अक्षय विजन निधि लिमिटेड कंपनी के नाम से फर्जीवाड़ा कर रहा था। इस वर्ष उसने 21 लोगों से सवा दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। पंत खुद को इस कंपनी का सीएमडी बताता था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कमोला निवासी हरीश चंद्र बधानी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था।

### परिजनों ने डांटा तो किशोरी ने जहर खाकर दे दी जान

**हल्द्वानी,अमृत विचार** : परिजनों की डांट से नाराज से एक किशोरी ने जहर खा लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक गोरापड़ाव निवासी 13 वर्षीय किशोरी ने गेहूं में डालने वाली दवा खा ली। अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के मुताबिक परिजनों से शुरूआती बातचीत में परिजनों के डांटने के बाद विषैला पदार्थ खाने की बात सामने आई है।

# दादी के साथ आए दो बच्चे गौला नदी में डूबे

संवाददाता,किच्छा

**अमृत विचार** : घास काटने गई दादी के साथ आए दो बच्चे गौला नदी में डूब गए। कई घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चे चचेरे भाई-बहन थे।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे पुलभट्टा थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 18, सिरौली कला निवासी फरमूदन बेगम पत्नी लतीफ अहमद घास काटने घर से निकली थी। इस दौरान उसका पोता मोहम्मद साद (8) पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी खटीमा, अरमान एवं अयान पुत्र उस्मान निवासी वार्ड 18, सिरौली कला और नौ वर्षीय पोती अनमता पुत्री शहादत भी साथ हो लिए। फरमूदन ठाकुर फॉर्म के पास घास काटते हुए गौला नदी किनारे पहुंच गई। उधर, फरमूदन घास काट रही थी तभी तीनों बच्चे अन्य बच्चों के साथ नदी में नहाने लगे। गहराई होने के चलते साद डूब गया। भाई को डूबता देख चचेरी बहन अनमता उसे बचाने के लिए गहराई में चली गई। गोताखोरों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद अनमता को ढूंढ कर नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन आठ वर्षीय साद का कोई पता नहीं लगा। 2 घंटे के बाद गोताखोर टीम ने बेहोशी की हालत में साद को भी ढूंढ निकाला। दोनों बच्चों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

### 15 लाख की शराब और 14 लाख नगदी जब्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : आचार संहिता लागू होने के आठ दिन के अंदर ही नैनीताल पुलिस 14 लाख से ज्यादा कैश और 15 लाख रुपये से ज्यादा की शराब जब्त की है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि लोक सभा चुनाव 2024 के तहत जिले भर में आचार संहिता लागू है। 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से पुलिस ने अभी तक अभी तक 1421870 रुपये जब्त किए हैं। यह वह रकम है जिसका हिसाब किताब पुलिस को नहीं मिला है। वहीं आठ दिन में पुलिस ने 1551176 लाख रुपये की 3641.29 लीटर शराब भी बरामद की है। इसकी बिक्री अवैध रूप से की जा रही थी। इसके अलावा अभी तक पुलिस 760200 रुपये की स्मैक और 373500 रुपये का गांजा भी पकड़ चुकी है।

# चमोली में कार खाई में गिरने से तीन की मौत

ब्यूरो, गोपेश्वर

- नंदानगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचार** : चमोली के थाना नंदानगर घाट क्षेत्र में कार खाई में गिर जाने से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, थाना नंदानगर घाट को शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक कार तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के ग्रामीणों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। तीनों मृतक नंदानगर घाट थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान बद्री प्रसाद रतूड़ी (42) पुत्र रामेश्वर प्रसाद रतूड़ी निवासी ग्राम कुंमजुंग, राकेश सती (51) पुत्र शंभू प्रसाद निवासी ग्राम माणखी तथा ललित प्रसाद (57) पुत्र इंद्रमणि सती निवासी ग्राम कांडई के रूप में हुई। पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया।

### नैनीताल से प्रकाश व हरिद्वार से वीरेंद्र रावत कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : कांग्रेस ने आखिरकार उत्तराखंड की शेष बची दो सीटों के लिए प्रत्याशियों का चयन कर लिया। उत्तराखंड की तीन सीटों अल्मोड़ा, पौड़ी व टिहरी के लिए प्रत्याशी पूर्व में हीं घोषित हो चुके हैं। कई दिनों के मंथन के बाद नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट पर भी कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। नैनीताल से प्रकाश जोशी को और हरिद्वार से वीरेंद्र रावत को प्रत्याशी बनाया गया है। वीरेंद्र रावत दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत के पुत्र हैं।

# सैनिक स्कूल का कर्मी बता 2.48 लाख ठगे

संवाददाता, रुद्रपुर

- सीमेंट पाइप खरीदने की आड़ में दिया झांसा

**अमृत विचार** : कोतवाली इलाके में खुद को सैनिक स्कूल का कर्मचारी बताकर सीमेंट कारोबारी से लाखों की ठगी होने का मामला सामने आया है। बताया कि कॉलर ने फर्म के मैनेजर को कॉल कर सीमेंट पाइप खरीदने की इच्छा जताई थी। जब भुगतान के लिए खाता नंबर दिया गया तो रकम डालने की बजाए खाते से लाखों की नगदी ऑनलाइन भुगतान कर ली गई।

ग्राम भमरौला निवासी भास्कर शर्मा ने बताया कि उनकी भमरौला



में सीमेंट पाइप बनाने की कंपनी है। बताया कि 13 मार्च 2023 को मैनेजर चंद्रशेखर पंत के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को सैनिक स्कूल लालकुआं का कर्मचारी बता रहा था। उन्होंने बताया कि कॉलर ने सीमेंट पाइप खरीदने की इच्छा जताई। जिस पर मैनेजर द्वारा भुगतान करने को कहा तो साइबर ठग ने नकद भुगतान करने की बात कही। मैनेजर द्वारा इंकार करने पर कंपनी भुगतान खाता नंबर दिया गया। आरोप था कि अज्ञात कॉलर ने रकम डालने की बजाए खाते से ऑनलाइन 2.48 लाख रुपये का भुगतान कर लिया। मोबाइल पर निकासी का मैसेज आने पर धोखाधड़ी की भनक लगी। जब मोबाइल पर कॉल की गई तो मोबाइल नंबर बंद आने लगा। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# छह प्राध्यापक पंत विवि की सेवा में फिर बहाल

- हाईकोर्ट ने 12 मार्च को बहाली के दिए थे आदेश

**पंतनगर, अमृत विचार** : चार जुलाई को कृषि सचिव ने परियोजनाओं में नियुक्त शिक्षकों को कक्षागत शिक्षक नहीं मानते हुए उन्हें 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु और सेवानिवृत्तिक लाभों से वंचित कर दिया था, जिसके बाद 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूरी कर चुके 22 शिक्षकों को जबरदस्ती सेवानिवृत्त कर दिया गया। मामले में हाईकोर्ट के 12 मार्च के फैसले के बाद जनरल बजट में नियुक्त छह शिक्षकों को मुख्य कार्मिक अधिकारी ने शनिवार को बहाल कर दिया है।

शासन के कृषि सचिव ने बीती चार जुलाई को शासनादेश जारी कर भरसार और पंतनगर विवि की परियोजनाओं और केवीके आदि में नियुक्त शिक्षकों को कक्षागत शिक्षक नहीं मानते हुए 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु और सत्रांत लाभ देने से मना कर दिया था।

## सार-संक्षेप

### प्रतापगढ़ में नाबालिग बेटा निकला पिता का कातिल

**प्रतापगढ़,एजेंसी :** जिले के कोतवाली पट्टी क्षेत्र में पिछली 21 मार्च को फर्नीचर कारोबारी की हत्या का खुलासा करते हुये पुलिस ने उसके नाबालिग पुत्र को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि फर्नीचर कारोबारी नईम की 21 मार्च की सुबह बाइक सवार तीन बदमाशों ने उस समय हत्या कर दी थी जब वह अपने पुत्र सैफ (17) को स्कूल छोड़ने स्कूल जा रहे थे। उन्होने बताया कि गलत संगत में पड़ कर नईम का बेटा सैफ आए दिन घर से समान और गहने चुराकर बेच देता था। इसके चलते नईम ने पुत्र सैफ को जेब खर्च देने से मना कर दिया था। इस खुन्नस में सैफ ने पिता की हत्या की सुपारी छह लाख में बदमाशों को दी जिसमे पेशगी के तौर पर एक लाख रुपये सैफ के मित्रों ने शूटरों को दिये थे। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को पियूष पाल उर्फ भानुपाल,, सुभम सोनी और प्रियांशु उर्फ गोलू के अलावा सैफ को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### मथुरा में मोनू पंडा निकलेगा होली की लपटों से

**मथुरा,एजेंसी :** जिले में खेली जाने वाली लट्ठमार होली से अलग कोसीकलां थाने के अन्तर्गत फालेन गांव में एक पंडा होली की लपटों एवं अंगारों के बीच से 24 मार्च को निकलेगा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस परंपरागत आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं और एक चिकित्सक के साथ गांव में पंडे के होली से निकलने के दो घंटे बाद तक एक एम्बुलेंस खड़ी रहेगी। ब्रज की आध्यात्मिक श्रेष्ठता की कहानी प्रस्तुत करती इस होली में लगभग दस फुट ऊंची और आठ फुट व्यास की जलती होली से गांव का ही मोनू पंडा निकलेगा। गोपाल मन्दिर के महन्त 93 वर्षीय बालकदास ने बताया कि गांव में होली से निकलने वाले पंडों की परंपरा बहुत पुरानी है और इन्द्रजीत नामक पंडा तो लगातार नौ बार होली की लपटों से निकल चुका है जबकि मोनू चौथी बार निकलेगा। इस बार पंडा 24 मार्च को आधी रात बीतने के बाद तड़के तीन और चार बजे के बीच होली से निकलेगा। उन्होंने बताया मोनू गांव के प्रहलाद मन्दिर में वसंत पंचमी से ही तप कर रहा है तथा वह अन्न का परित्याग कर केवल फल ही ले रहा है और जमीन में ही सो रहा है तथा नित्य 12 से 15 घंटे तक तप कर रहा है। उनका कहना है कि इस गांव में भगवान विष्णु की कृपा बरसती है तभी पंडा अपार जनसमूह की उपस्थिति में आग से निकलता है।

### हेमा मालिनी ने मयूर नृत्य पर किया भावपूर्ण अभिनय

**मथुरा,एजेंसी :** सिने तारिका एवं मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के होली कार्यक्रम में मयुर नृत्य में भावपूर्ण अभिनय कर वातावरण को श्यामाश्याम मय बना दिया। उन्होंने जब फूलों की होली में श्यामाश्याम पर लगभग 05 मिनट तक फूलों की अनवरत वर्षा की तो वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कान्हा मोर बन आए में उनकी प्रस्तुति इतनी जीवन्त थी कि ऐसा लग रहा था कि मंच पर द्वापर उतर आया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रजवासियों की खुशहाली से भरी होली मनाने के लिए उन्हे शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को एक विकसित भारत बनाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने अपने पिछले दो कार्यकाल में अनेक जनउपयोगी योजनाए भी चालू कराई है तथा जिनका लाभ जनता को भरपूर मिल रहा है। इस बार का पार्टी का लक्ष्य 400 पार का है इसलिए हर एक सीट पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मोदी के सपनों को साकार करने में मथुरा की सीट भी अति महत्वपूर्ण है। होली से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में इस सिने तारिका के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई रही।



### मेरठ पुलिस ने पांच गांजा तस्कर पकड़ें

**मेरठ,एजेंसी :** पुलिस ने पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 67200 रुपये नकद के अलावा एक गाडी अर्टिगा भी बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि शनिवार को कंकरखेडा थाने की पुलिस ने शामली जिले के कैराना गांव के निवासी जन्नूर अहमद (45) को 11 किलोग्राम, आसिफ (मुजफ्फरनगर), मौ0 आलिम (शामली), खुर्रम (शामली) और रिजवान (मुजफ्फरनगर) को 10-10 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। सजवाण के अनुसार इस प्रकार कुल 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 लाख है। एसएसपी के मुताबिक बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाने में मामला पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### अभय के बाद मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सभा चुनाव में अचानक भाजपा के पाले में आने वाले सपा के विधायकों पर बीजेपी सरकार मेहरबान है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान करने के बाद अब बाकी बागी नेताओं को भी वाई श्रेणी सुरक्षा देने का क्रम जारी है। शनिवार को ऊंचाहार (रायबरेली) के सपा विधायक मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई। चर्चा है कि विधायक विनोद चतुर्वेदी और राकेश सिंह भी वाई श्रेणी सुरक्षा में रहेंगे। गौरतलब हो कि राज्य सभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए बीजेपी के राज्यसभा उम्मीदवार को वोट दिया था। इसके बाद पार्टी उनपर तोहफो की बारिश कर रही है। बताया जा रहा है कि मनोज पांडेय को लोकसभा का टिकट भी दिया जा सकता है।

### कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ,अमृत विचार :** आगरा के प्रोफेसर (डॉ) सुनील बाबू चौधरी, रिटायर्ड बैंक मैनेजर केशव दयाल व ज्ञान सिंह शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अमरनाथ पासवान आदि नेता मौजूद रहे।

### राजभवन में एक घंटे बंद रही बिजली

**लखनऊ,अमृत विचार :** अर्थ आवर डे पर पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण के लिए शनिवार को राजभवन में एक घंटे गैर जरूरी बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक राजभवन में अंधेरा छाया रहा। राजभवन के अधिकारियों के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी राजभवन में वैश्विक अभियान में सहयोग किया गया।

### जनता चाहती थी कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन हो

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा है कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। जनता भी चाहती थी कि सपा और कांग्रेस पार्टी का गठबंधन हो। समाजवादियों की हमेशा कोशिश रही है सभी को साथ लेकर चलने की। गठबंधन बन गया है, लोकसभा चुनाव में भाजपा हारेगी। जनता भाजपा के घमंड का घड़ा फोड़ेगी। भाजपा देश में चार सौ सीटें हारेगी।

# शरीयत व्यक्तिगत विषय, संविधान से ऊपर नहीं: योगी

## मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है सरकार, भारत की मूल आत्मा हिन्दू, सम्मान से समझौता नहीं कर सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। राज्य सरकार मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है। हमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, स्किल मैनपावॅर चाहिए। शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को एकरूपता देना हमारी प्राथमिकता है।

हाईकोर्ट की ओर से मदरसों को असंवैधिनक करार देने के आदेश के बाद मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया एक निजी चैनल से बातचीत में शनिवार को सामने आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यहां की जनता को दिया जाना चाहिए। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया उप्र देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है।

### कानून का राज स्थापित करने के लिए हुई बदायूं की कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताते हुए कहा कि बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। बदायूं एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा।

### हिन्दू भारत की मूल आत्मा है

योगी ने कहा कि कहा कि हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। देश की सुरक्षा और हिन्दू आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

### आजम के कर्मों के कारण न्यायालय से मिली है सजा

पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आजम खां के मामले में कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है।

### भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है सीएए



मुख्यमंत्री योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

### राहुल व प्रियंका में उप्र आने का साहस नहीं: योगी

योगी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कहा कि ये पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका उप्र में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। झूठे वादे करके प्रदेश की जनता की आखों में धूल नहीं झोंक सकते।

## होली के मौके पर होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**लखनऊ,अमृत विचार :** होली के मौके पर प्रदेश के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश में अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी लोगों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। बिजली वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कहा गया है। होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## रेल अधिकारियों व कर्मियों ने लगाया इंजन को धक्का

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**अमेठी,एजेंसी:** जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया जब रेल पटरी का निरीक्षण करने आये अधिकारियों की डीपीसी ट्रेन (इंजनयुक्त कोच) अचानक खराब हो गयी और शंटिंग इंजन नहीं होने के कारण रेल कर्मचारियों को धक्का लगाकर उसे लूप लाइन पर ले जाना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया, जिसमें कुछ लोग डीपीसी ट्रेन को धक्का लगाते हुए दिख रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

रेलवे के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को रेलवे के कुछ अधिकारी पटरी का निरीक्षण करने के लिये डीपीसी ट्रेन में सुलतानपुर की ओर से अमेठी स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन की तरफ आ रहे थे, रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले ही अधिकारियों का यह इंजनयुक्त डिब्बा मुख्य लाइन पर अचानक खराब हो गया, तकनीशियन ने उसकी खराबी दूर करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक चूंकि डीपीसी ट्रेन मुख्य लाइन पर खराब हुई थी इसलिये अन्य ट्रेनों के आवागमन में बाधा पैदा हुई। शंटिंग के लिये कोई इंजन नहीं मिल पाने के कारण रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों ने डीपीसी ट्रेन को मजबूरन धक्का लगाकर मुख्य लाइन से लूप लाइन पर पहुंचाया। इसी बीच, किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से फैल गया। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वायरल वीडियो डालते हुए लिखा कि रेल मंत्री को तुरंत बुलवाओ, उनसे भी धक्का लगवाओ।

लगता है भाजपा की डबल इंजन की सरकार में आज इलेक्टोरल बॉण्ड का ईंधन नहीं पड़ा तभी अमेठी के निहालगढ़ क्रॉसिंग पर लोग धक्का लगाने पर मजबूर हैं। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर यह वीडियो डाला और लिखा -वादा था बुलेट ट्रेन का, अब ट्रेन को भी धक्का देना पड़ रहा है। मोदी सरकार में हर सेक्टर तबाह हुआ है। रेलवे का काफी नुकसान हुआ है।

## दुकान से घर लौट रहे सर्राफ पिता-पुत्र से लाखों की लूट

**मथुरा,एजेंसी:** जिले में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गहनों की दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे सर्राफ पिता-पुत्र को मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने कथित तौर पर तमंचे की नोक पर लूट लिया। पुलिस के अनुसार लुटेरे वारदात के बाद अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए फरार हो गए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि रिफाइनरी क्षेत्र की ब्रजरज धाम कॉलोनी निवासी बांकेलाल वर्मा क्षेत्र के तंतूरा गांव रोड पर मूलचंद ज्वैलर्स के नाम से सर्राफ की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने पुत्र सोनू के साथ जब स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी राधाकृष्ण गार्डन मैरिज होम के निकट हाईवे पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें तमंचा दिखाकर रोक लिया। प्रतिरोध पर बदमाशों ने तमंचे की बट से प्रहार किया और गोली मारने की धमकी दी। पिता-पुत्र ने वारदात के तुरंत बाद पुलिस को जानकारी दी। देर रात आगरा परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने भी घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसएसपी ने बताया कि लूटे गए माल में ढाई लाख की नकदी व कई लाख के जेवर शामिल है।

## मतदान से 5 दिन पूर्व जारी की जायेगी मतदाता सूचना पर्ची

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**अमृत विचार:** मतदाताओं को मतदान से 5 दिन पूर्व मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। बीएलओ मतदाता या उनके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को सूचना पर्ची देंगे। प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पंजीकृत सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। इस मतदाता सूचना पर्ची में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम, मतदान की तारीख, क्यूआर कोड आदि का उल्लेख होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा, बीएलओ का नाम, बीएलओ का सम्पर्क नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश का उल्लेख रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम से मतदान करने के जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को उपलब्ध कराए गए ऐप सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, नो योर कैन्डिडेट, सी-विजिल आदि की जानकारी दी गई है।

### 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं

**लखनऊ,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं हैं। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से 18,15,006 व निजी स्थानों से 11,50,425 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने व अन्य मामलों में आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## बहू भी परिवार का अभिन्न अंग : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

### अनुकंपा नियुक्ति का मामला




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले में विचार करते हुए कहा कि भारतीय समाज की रीति के अनुसार बहू को भी बेटी के समान माना जाता है, क्योंकि वह भी परिवार का अभिन्न अंग होती है। मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने का मुख्य उद्देश्य परिवार के एकमात्र कमाने वाले की मृत्यु के कारण परिवार को संकट और अभाव से राहत दिलाना है।

वर्तमान मामले में भी, एक असाधारण स्थिति पैदा हो गई है, जैसे कि याची का पति जीवित है, लेकिन उसकी विकलांगता 75% से अधिक है और वह कमाने/काम करने में असमर्थ है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 की धारा 2 (सी) के तहत अर्थ के उदार निर्माण की आवश्यकता है। कोर्ट ने मामले की विशेष परिस्थितियों और इलाहाबाद निवासी याची के पति की विकलांगता को ध्यान में रखते हुए, रिट याचिका को स्वीकार करते हुए संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्य कर, प्रयागराज द्वारा पारित आदेश को रद कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने विभा तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका के अनुसार वर्ष 2022 में याची की सास की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम करते हुए सेवा काल के दौरान मृत्यु हो गई। अपनी मृत्यु के समय मृतका परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उनकी मृत्यु के बाद याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, लेकिन विभाग ने उसके आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि बहू को उक्त नियमावली के तहत 'परिवार में शामिल नहीं किया गया है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट द्वारा पूर्व में पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि यह मनमाना है कि अपने माता-पिता के घर में विधवा बेटी अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र है, लेकिन अपने ससुराल में विधवा बहू इसके लिए पात्र नहीं है। अंत में कोर्ट ने विपक्षी को निर्देश दिया कि वह नियमावली के नियम 5 के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए याची के मामले पर पुनर्विचार करें।

## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1.1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।

4.1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।

6. ठेलने की क्रिया या भाव।

9.1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना

10.1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

**ऊपर से नीचे**

1.1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।

2.1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।

3.1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।

5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।

7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है

8.1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | | |
| | ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| ■ | 6 | | | | ■ | |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | 8 | ■ |
| | ■ | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | | ■ | | ■ |

### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | मि | ति | ■ | 2 झ | ■ | 3 ओ |
| व | ■ | ■ | 4 ख | ड़ | ख | ड़ |
| न | ■ | 5 वै | ग | न | ■ | चा |
| त | ■ | ■ | वा | ■ | 6 अं | ■ |
| ■ | 7 पि | प | र | मिं | ट | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | शं | ■ |
| 8 ऐ | न | ■ | 9 द | प | ट | ना |

## सुडोकू -98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

### सुडोकू -97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 09.54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष:** आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क:** आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**सिंह:** आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**कन्या:** आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

**तुला:** आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

**वृश्चिक:** आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।


**धनु:** आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**मकर:** आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

**कुंभ:** आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन:** आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

### आज का पंचांग





**त्योहार/व्रत/दिवस**- छोटी होली,होलिका दहन।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 07.34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | राम बलराम | दोपहर : 12.01 |
| B4U MOVIES | हिन्दुस्तान | रात : 08.18 |
| SONY MAX | तारा वर्सेज बिलाल | दोपहर : 01.24 |
| SONY MAX | एनिमल | रात : 10.00 |
| SONY PIX | 300 (2006) | सुबह : 10.20 |
| SONY PIX | बुलेट ट्रेन | रात : 08.50 |
| ZEE CINEMA | गदर 2 | सुबह : 11.15 |
| ZEE CINEMA | फटा पोस्टर निकला हीरो | रात : 08.30 |
| colors CINEPLEX | ओम शांति ओम | सुबह : 10.53 |
| colors CINEPLEX | सीता राम | रात : 08.00 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर-सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती

## गुजरात के कार्यक्रम में नितिन गडकरी बोले-चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे की मंशा अच्छी थी

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिना धन के राजनीतिक दल को चलाना संभव नहीं है और केंद्र ने चुनावी बॉण्ड योजना ''अच्छे इरादे'' से शुरू की थी। क्योंकि इस योजना के पीछे सरकार की मंशा अच्छी थी। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लाई इस योजना को उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर और कोई निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और इस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधीनगर के समीप गिफ्ट सिटी में एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ये



टिप्पणियां कीं।

गडकरी ने चुनावी बॉण्ड के बारे में एक सवाल पर कहा-जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे तो मैं चुनावी बॉण्ड से जुड़ी बातचीत का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों और धन के बगैर नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को चंदा देती है। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए हमने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की इस व्यवस्था को चुना। कहा कि चुनावी बॉण्ड लाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे चंदा मिले लेकिन दानदाताओं के नामों का खुलासा न किया जाए क्योंकि ''अगर सत्तारूढ़ दल बदलता है तो समस्याएं पैदा होंगी। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जैसे कि किसी मीडिया हाउस को वित्त पोषण के लिए प्रायोजक की आवश्यकता होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी धन की जरूरत होती है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटीः रमेश



कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड प्रीपेड रिश्वत और पोस्टपेड रिश्वत का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के कफी बाद तक। यह संभवत: मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।

## पंजाब में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पूरी घटना से आयोग को अवगत कराते हुए तत्काल प्रारंभिक रिपोर्ट और शनिवार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखा था। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' फिल्टर कॉफी की तरह है : शत्रुघ्न सिन्हा

कोलकाता, एजेंसी

- टीएमसी सांसद बोले-कांग्रेस को कमजोर समझने की भूल न करें



तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) को ''फिल्टर कॉफी'' बताया है, जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़त हासिल कर रहा है और उन्होंने कांग्रेस के राजनीति में वापसी करने के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए उसे (प्रमुख विपक्षी दल को) कमजोर समझने की भूल न करने पर भी जोर दिया।

आसनसोल के सांसद ने देशभर में ''क्रांतिकारी यात्रा'' के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका ''रुख पलटने'' वाली होगी। अभिनेता से नेता बने सिन्हा ने एक साक्षात्कार में चुनावी बॉण्ड को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक बड़ा घोटाला और वसूली का गोरखधंधा बताया तथा कहा कि चुनावी बॉण्ड के रूप में भाजपा के वसूली और ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए सात चरण में होने वाले चुनाव विपक्षी दलों के लिए एक वरदान हैं। उन्होंने कहा-इस चुनाव में भाजपा को पराजित किया जाएगा।

## अनुदान जारी करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्र को गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहे राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

उन्होंने केंद्र पर गंभीर सूखे की चपेट में होने के बावजूद कर्नाटक को धनराशि जारी करने संबंधी आग्रह पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर है। सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पांच महीने के इंतजार के बाद आज कर्नाटक सरकार ने केंद्र के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की।

## एक नजर

### बीजापुर में मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पीडिया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पीडिया गांव के जंगल में गस्त लगा रहे जवानों पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। बाद में वहां से दो नक्सलियों के शव और हथियार मिले। इससे पहले शुक्रवार को रात सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना के डोडीतुमनार गांव के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए।

### बिहार में 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87 .21 रहा, जो पिछले साल के 83 .73 प्रतिशत से बेहतर है। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि कुल 12,91,684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 11,26,439 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

## मानहानि मामले में पूर्व मुख्यमंत्री चौहान और सात अन्य को पेशी से मिली छूट

**जबलपुर।** यहां की एक विशेष अदालत ने भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में 7 जून तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। अदालत का यह निर्देश कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में भाजपा नेताओं की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान आया है। उत्तरदाताओं के वकील शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विश्वेश्वरी मिश्रा ने छूट दी है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पास नहीं कर रहीं हमारे 4 विधेयक

नई दिल्ली, एजेंसी

- केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में डाली याचिका

केरल सरकार ने एक असामान्य कदम उठाते हुए राज्य विधानसभा से पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी न दिये जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

राज्य सरकार ने राष्ट्रपति द्वारा बगैर किसी कारण के विधेयकों को मंजूर न करने को असंवैधानिक कदम घोषित करने का न्यायालय से अनुरोध किया है। इन विधेयकों में विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 2) विधेयक 2021, केरल सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022, विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक 2022 और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 3) विधेयक 2022 शामिल हैं। माकपा के नेतृत्व वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने केंद्र सरकार, राष्ट्रपति के सचिव, राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उनके अतिरिक्त सचिव को मामले में पक्षकार बनाया है।

## राजस्थान में आचार संहिता लगने के बाद 129 करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं और नकदी के रूप में लगभग 129 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में अलग-अलग प्रवर्तन एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक राज्य में नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और नकदी के रूप में लगभग 227 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं।

## भाजपा नेताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल से की इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली इकाई के भाजपा नेताओं ने राजघाट पर किया प्रदर्शन

भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से शनिवार को इस्तीफे की मांग की।

भाजपा की ओर से यह मांग प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बृहस्पतिवार की रात कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और अदालत की ओर से उन्हें 28 मार्च तक के लिए संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने के बाद आई। पार्टी नेताओं ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट के नजदीक विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) खुद को निर्दोष दिखाने के लिए स्वयं को पीड़ित के तौर पर पेश कर रही है। भाजपा नेताओं ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### पंजाब भाजपा ने किया जांच कराने का आग्रह

**चंडीगढ़।** भाजपा की पंजाब इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और राज्य की आबकारी नीति की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच की मांग की। भाजपा ने आरोप लगाया कि "आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा रिश्वत के माध्यम से प्राप्त काले धन" का इस्तेमाल लोकसभा चुनाव के दौरान किया जा सकता है।

## गुजरात से दो भाजपा उम्मीदवारों का चुनाव लड़ने से इनकार

**अहमदाबाद।** गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। जानकारी के मुताबिक भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है।

इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं।

## दूसरे दिन साइंटिफिक तरीके से जांच जारी

धार, एजेंसी

**धार भोजशाला का सर्वे**

- घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी साइंटिफिक तरीके से जारी रहा। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एएसआई की एक टीम विवादित परिसर में पहुंची। एएसआई टीम के साथ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सबसे पहले यह कवायद शुक्रवार को शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील आशीष गोयल और गोपाल शर्मा भी भोजशाला परिसर पहुंचे। अदालत में पक्षकारों में से एक, कमाल मौला मस्जिद कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया क्योंकि वह स्वस्थ नहीं थे और उन्हें देर से जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं... अगर संविधान के दायरे में और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सर्वेक्षण कराया जाए तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसमें नए मुद्दे पैदा हो रहे हैं जैसे 2004 में खंभे रखे गए है।



धार जिले के विवादित परिसर की जांच करती एएसआई की टीम। • एजेंसी

समद ने कहा-(मुस्लिम) समुदाय ने भी इस पर (खंभों पर) आपत्ति जताई और ज्ञापन भी दिया। विरोध के बावजूद खंभे अंदर ही रहे और उन्हें हटाया नहीं गया। वे उसे सर्वेक्षण में शामिल करना चाहते हैं। बाद में एक मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए, हम नये सर्वेक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह आदेश तब पारित किया है, जब मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा दायर भोजशाला से जुड़े विभिन्न मामले अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने तत्काल सुनवाई के लिए 16 मार्च को कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

## वाणिज्य मंत्रालय ने कहा-सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से कर रहीं निरीक्षण

# समुद्री भोजन के लिए है एक मजबूत सुरक्षा ढांचा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं। यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण)



के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

### भारत सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी



सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।

## भिवाड़ी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का आग्रह

**नई दिल्ली।** रीयल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने राजस्थान सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया है। क्रेडाई ने कहा कि इससे शहर में आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट की मांग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई के स्थानीय संगठन 'क्रेडाई एनसीआर भिवाड़ी नीमराणा' ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। संगठन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने राज्य सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए कुछ संभावित समाधान भी सुझाए, जिसमें भिवाड़ी को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए अलग से सड़क बनाना भी शामिल है।

## विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विवि में बनाएगा सहकारी समितियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी बोले
- देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है

विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देशभर में



सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। संघानी इफको के चेयरमैन और एनसीयूआई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करने और इसे अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कैंपस कोऑपरेटिव सही कदम साबित हो सकता है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 66,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,200 |
| चांदी पक्की | 743 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलियर्स ने जनवरी-मार्च के जताई है संभावना
- चेन्नई में गिरावट आने की संभावना जताई

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड़ वर्ग फीट तक बढ़ने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में पट्टे 1.01 करोड़ वर्ग फुट के थे।

रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चेन्नई में गिरावट आ सकती है।

## मारुति सुजुकी ने एमलगो लैब्स में हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप एमलगो लैब्स में छह प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। एमलगो लैब्स डेटा आधारित निर्णय लेने में कंपनियों की सहायता करती है। वह डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग (एमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम करती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह निवेश मारुति सुजुकी नवाचार कोष के जरिए किया जा रहा है। इस कोष का मकसद उच्च स्तर के तकनीकी नवाचार का प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप में रणनीतिक निवेश करना है।

## अमेजन ने शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए संशोधन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं।

कंपनी ने कहा-ये संशोधन





मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा-हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत ब्रांडों में विकसित होने में मदद करेगा।

# करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

**मोहाली, एजेंसी**

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।



सैम करेन
लियाम लिविंगस्टोन

**दिल्ली 174/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3/2 |
| मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह | 20 | 12 | 2/2 |
| शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार | 03 | 07 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

**पंजाब 177/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धन का बोल्ड ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| सैम करेन बो अहमद | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2/3 |
| शशांक सिंह का पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0



आंद्रे रसेल


# रोमांचक मुकाबले में कोलकाता बना विजेता

- रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल के बीच ताबड़तोड़ 81 रनों की साझेदारी हुई
- सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रन बनाए

**कोलकाता, एजेंसी**

हेनरिक क्लासेन (63 रन नाबाद) के जीवट प्रदर्शन के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में चार रन से हार का सामना करना पड़ा।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर ने आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्रार पारियों की मदद से सात विकेट पर 208 रन बनाये जिसके जवाब में एसआरएच ने विजय लक्ष्य के खिलाफ सात विकेट पर 204 रन बनाए। ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे सॉल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया।



हेनरिक क्लासेन

**कोलकाता 208/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय | 54 | 40 | 3/3 |
| सुनील नरेन रन आउट | 02 | 04 | 0/0 |
| वेंकटेश अय्यर का यानसेन बो नटराजन | 07 | 05 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर का कमिंस बो नटराजन | 00 | 02 | 0/0 |
| नीतिश राणा का त्रिपाठी बो मार्कंडेय | 09 | 11 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का मार्कंडेय बो कमिंस | 35 | 17 | 1/4 |
| रिंकू सिंह का मार्कराम बो नटराजन | 23 | 15 | 3/0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 | 25 | 3/7 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 | 03 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर कुमार 4-0-51-0, मार्को यानसेन 3-0-40-0, टी नटराजन 4-0-32-3, पैट कमिंस 4-0-32-1, मयंक मार्कंडेय 4-0-39-2, शाहबाज अहमद 1-0-14-0

**हैदराबाद 204/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का रिंकू बोल्ड हर्षित राणा | 32 | 21 | 4/1 |
| अभिषेक शर्मा का चक्रवर्ती बोल्ड रसेल | 32 | 19 | 4/2 |
| राहुल त्रिपाठी का हर्षित राणा बोल्ड नरेन | 20 | 20 | 0/1 |
| ऐडन मार्करम का रिंकू बो चक्रवर्ती | 18 | 13 | 2/0 |
| क्लासेन का सुयश बोल्ड हर्षित राणा | 63 | 29 | 0/8 |
| अब्दुल समद का वेंकटेश बोल्ड रसेल | 15 | 11 | 1/1 |
| शहबाज अहमद का श्रेयस बो हर्षित राणा | 16 | 05 | 1/2 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 4-0-53-0, हर्षित राणा 4-0-33-3, वरूण चक्रवर्ती 4-0-55-1, सुनील नरेन 4-0-19-1, आंद्रे रसेल 2-0-25-2, सुयश शर्मा 2-0-18-0

## खेल डायरी

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

### सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222 .96 के कुल स्कोर के साथ 149 .67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203 .59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

**जयपुर, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं



लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।

## करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

# रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।



हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।




# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।"अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है : "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"



# अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

**मुंबई, एजेंसी।** अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा,"ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा,"अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

# कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

**मुंबई, एजेंसी।** अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर . माधवन के साथ नजर आएंगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### बीएसएफ ने सरहद पर ड्रोन और दो किग्रा हेरोइन की बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने सरहद पर नशीले पदार्थों की तस्करी को विफल कर दिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और हेरोइन की मौजूदगी के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी। जिसपर संयुक्त टीम कार्रवाई की है। बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का के सैनिकों ने एक तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फाजिल्का जिले के नानक नगरी गांव के आसपास से संदिग्ध हेरोइन के दो किलोग्राम और एक ड्रोन को बरामद किया। संयुक्त टीम ने बरामद ड्रोन के बारे में को अधिक जानकारी नहीं दी है, किस देश में बना है।

### अमेरिका से लौटे युवक के पास से 50 लाख मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अमेरिका से दिल्ली होते हुए वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरे युवक के पास से 50 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा में उस व्यक्ति के आवास पर भी तलाशी ली। हालांकि, व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने शुक्रवार को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को विदेशी मुद्रा के बारे में जानकारी नहीं दी थी। जब वह व्यक्ति दिल्ली से अन्य उड़ान के जरिए वडोदरा पहुंचा तो उसे रोक लिया गया और उसके बैग से 60 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) बरामद किए गए।

### एसडीजी ने एलओसी पर सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) योगेश बहादुर खुरानिया ने कश्मीर घाटी की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के एसडीजी ने 18 से 22 मार्च तक कश्मीर घाटी के अग्रिम इलाकों का पांच दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की परिचालन तैयारियों का आकलन करना था।

### चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ 30 को प्रदर्शन करेगी पीटीआई

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी आठ फरवरी को हुए चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ 30 मार्च को इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन करेगी। पीटीआई का मानना था कि मौजूदा शासकों ने चुनावों में उनके चुनावी जनादेश को चुरा लिया और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-) को फायदा पहुंचाने के लिए नतीजे बदल दिए गए। इससे पहले आज, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले शासन ने नेशनल असेंबली में पीटीआई की सीटें चुरा लीं।

## श्रीलंका को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देगा भारत

**कोलंबो।** भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

## श्रीनगर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, गोला-बारूद के साथ चार गिरफ्तार


**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार हुए हैं। विशेष सूचना मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने कार्रवाई करके चार लोगों को धर-दबोचा है। इसके साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा चेकिंग के दौरान, संयुक्त दल ने सफेद ऑल्टो वाहन को रोका। वाहन में सवार चार आतंकी सहयोगियों की जिनकी पहचान मोहम्मद यासीन भट, शेराज अहमद राठेर, गुलाम हसन खांडेय और फ्रेस्टाबल पंपोर के इम्तियाज अहमद भट के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से तीन मैगजीन के साथ एक एके 56 राइफल, दो मैगजीन के साथ एक ग्लॉक पिस्तौल और छह चीनी ग्रेनेड सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा, चारों आतंकी प्रतिबंधित आतंकी संगठन जेईएम से जुड़े है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया है कि, आतंकियों से आगे की साजिश के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## एआई के खतरे से निपटेंगे हाई टेक टूल, शक्ति प्लेटफॉर्म लॉन्च

*चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से बनने वाले फेक ऑडियो, वीडियो और फोटो से निपटने के लिए टेक कंपनियों ने रणनीति बनाई है। गूगल और मेटा ने केंद्र सरकार को बताया है कि उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआई तकनीक युक्त संभावित खतरों से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली है और इसके लिए एडवांस्ड टूल भी बना लिए हैं।*

- कुछ हफ्ते पहले केंद्र सरकार ने गूगल व मेटा को निर्देश दिए थे कि चुनाव के दौरान एआई तकनीक से तैयार ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न आने दें। ताकि इनका गलत इस्तेमाल न हो सके। गूगल ने इसके लिए 'शक्ति' प्लेटफॉर्म बनाया है, वहीं मेटा ने फैक्ट चेकिंग पार्टनर्स के साथ करार किया है।



### मेटा का फैक्ट चेकर्स से करार



मेटा ने 15 भारतीय भाषाओं में 11 स्वतंत्र फैक्ट चेकिंग पार्टनर से करार किया है। कंपनी उन्हें मेटा कंटेंट लायब्रेरी का एक्सेस देगी। जिससे एआई जेनरेटेड कंटेंट से निपटा जा सके। फैक्ट चेकिंग पार्टनर चुनाव के दौरान एआई से जनरेट हुए ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो व अन्य कंटेंट को चेक करेंगे और फिर उनका रिव्यू कर उन्हें रेटिंग देंगे। एआई से बने फोटो व वीडियो पर मेटा एक खास तरह का मार्कर लगाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि वह असली है या नकली ? मेटा चुनाव के लिए कुछ स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाएगी, जो रियल टाइम काम करेंगे। व्हाट्सएप पर एआई से जुड़ी हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

### एआई से बने वीडियो फोटो पर मार्क, कंटेंट की असलियत भी जांच सकेगा गूगल

इंडिया ने एआई तकनीक से तैयार होने वाले फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए शक्ति प्लेटफार्म लांच किया है। इसकी मदद से किसी भी कंटेंट का फैक्ट चैक कर उसकी वास्तविकता का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं कंपनी की एक टीम फर्जी व आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का काम भी करेगी। गूगल अपने प्लेफार्म पर चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों को सार्वजनिक करेगा, चाहे वह किसी भी फार्म में दिए गए हों। हर विज्ञापन पर उसकी हकीकत बताने वाला टैग होगा, जिससे कि पता चल सके कि वह विज्ञापन है।

## पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर, पाकिस्तानी नीतियां बेअसर

### पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की हालत पर यूएनएचआरसी में उठे सवाल

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों की जमकर आलोचनाएं की गई। शुक्रवार को एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था।

यूएनएचआरसी में ग्रीक के पूर्व सांसद बोगडानोस ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी देशो के नागरिकों को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए, भले ही ये क्षेत्र हमारे सीमाओं से दूर क्यों न हो। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि हमारा देश इस तरह के उत्पीड़न के हमेशा खिलाफ रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा पर चर्चा के दौरान इस क्षेत्र के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध होने के बावजूद यहां की आबादी गरीबी में जी रही है, जिनके पास किसी भी तरह की चिकित्सा बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा तक नहीं है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी ठोस कदम न उठाए जाने की उन्होंने आलोचना की है। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने निंदा की कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रही है।

### अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, यूएन में बोले अजातशत्रु



**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए। हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। भाजपा नेता ने अपने संबोधन में कहा, सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40 .45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2 .81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सरहद पर जवानों के साथ होली खेलेंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे।

## जर्मनी के राजदूत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की टिप्पणी, विदेश मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। उन्हें जर्मनी के विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। आगे कहा गया है कि जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। जर्मनी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।

## शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा, तीन दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है।

इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि "आज भारत के लिए चुनौती है कि वह दो उभरती शक्तियों के बीच स्थायी संतुलन कैसे बनाए, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका एक इतिहास और आबादी है, जो उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है। जिनके पास क्षमताएं भी हैं। यह एक बहुत ही जटिल चुनौती है।

## रूस में हुए आतंकी हमले की साजिश यूक्रेन की नहीं

कीव, एजेंसी

- हमले के बाद यूक्रेन के सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी प्रतिक्रिया

रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए आतंकी हमले में यूक्रेन ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को यूक्रेन के एक सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि मॉस्कों में शुक्रवार को हुई गोलबारी में यूक्रेन शामिल नहीं है।

वहीं यूक्रेनी लिंक का भी वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा ने कहा कि मॉस्कों के पास कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले में शामिल सभी चारों आतंकवादियों को यूक्रेन सीमा की ओर जाते वक्त गिरफ्तार किया गया है। ये सभी यूक्रेन के संपर्क में थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के एंड्री युसोव ने कहा कि निश्चित रूप से यह रूसी विशेष सेवा एफएसबी का एक और झूठ हैं। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन इस आतंकी हमले में शामिल नहीं है।

### राष्ट्रीय शोक की घोषणा

मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, 'मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।

## ट्यूलिप गार्डन के खुले द्वार...



**श्रीनगर :** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था, इस सप्ताहांत आगंतुकों के स्वागत के लिए खोल दिया गया और रंगों की जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहा है। कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित, उद्यान ने शनिवार को जनता के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं, फूलों की खेती उद्यान में ट्यूलिप की अधिक किस्में देखने को मिलेंगी। बगीचे में पांच नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया गया है, जिससे कुल मिलाकर 68 किस्में हो गई हैं।

## 20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को क्राइम ब्रांच ने चीन से किया प्रत्यर्पित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित कर लिया है। पुजारी 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुनील अंगने (56) और सुकेश कुमार (28) के रूप में हुई।

## जयपुर: फैक्ट्री में बॉयलर फटने से लगी आग, 6 लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी



जयपुर कमिश्नरेट के बस्सी थाना क्षेत्र में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में शनिवार को अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में केमिकल के कई ड्रम रखे थे, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते फैक्ट्री का पूरा परिसर आग की लपटों में घिर गया, धुंए के गुबार उड़ने लगे।

भीषण आग में छह लोग जिंदा जल गए हैं जबकि कई श्रमिक बुरी तरह झुलस गए। सूचना मिलने के पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंची। इस विकराल आग पर काबू पाने के लिए आधा दर्जन से ज्यादा दमकल मौके पर आई। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि बॉयलर में विस्फोट होने के बाद आग लगी है। झुलसे हुए लोगों एसएमएस अस्पताल में इलाज में हो रहा है। उन्होंने कहा- हादसा शाम लगभग साढ़े छह बजे हुआ है इसकी पूरी जांच की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चलाने और प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने आगजनी में मजदूरों के झुलसने के जिम्मेदार फैक्ट्री मालिक को बताया गया। उन्होंने फरार कारखाना मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


**विज्ञान** शिकागो विवि के वैज्ञानिकों ने की मानव शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्वों की खोज

## प्रारंभिक तारे हैं कैल्शियम, लोहा व सोडियम का स्रोत

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्व कहां से आए ? आधुनिक खगोल विज्ञान के वैज्ञानिकों के मन मे यह प्रश्न अक्सर आता रहा है। लंबे समय बाद यह उत्तर सामने आया है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद मरने वाले प्रारंभिक तारों से हमारे शरीर मे मौजूद तत्वों का जन्म हुआ है।

यह जानकारी हाल की खोज में सामने आई है। शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार सितारों की पहली पीढ़ी ने ब्रह्मांड को बदल दिया। उनके कोर के अंदर सरल हाइड्रोजन और हीलियम के तत्व एक जैसे इंद्रधनुष में विलीन हो गए। जब ये तारे मर गए, तो उनमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद तारों के नए तत्वों को ब्रह्मांड में फैला दिया गया। इन तत्वों में हमारी नसों में दौड़ने वाला लोहा, दांतों का कैल्शियम और हमारे विचारों को शक्ति देने वाला सोडियम आदि शामिल थे। ये सभी तत्व लंबे समय से मृत तारे के हृदय में पैदा हुए थे। ब्रह्मांड को नया रंग देने में मृत तारों की विशेष भूमिका रही थी। वैज्ञानिक इसे अनोखी खोज मान रहे हैं। यह सर्वविदित है कि लोहे से हल्के अधिकांश तत्व तारों के कोर में बने होते हैं। भले ही पृथ्वी पर रहते हैं, लेकिन अधिकांश तत्व अंतरिक्ष से ही आए हैं। रासायनिक तत्व के स्रोत अपने आप में बड़ी खोज है। इसकी खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन मृत तारों का अध्ययन करना पड़ा। प्रारंभिक तारों के बाद दूसरी पीढ़ी की तारे अस्तित्व में आने के बाद मूल रूप से अलग आकाशगंगा का निर्माण हुआ। खोजकर्ता वैज्ञानिक अनिरुद्ध चिति कहते हैं कि हमारी आकाशगंगा के अलावा अन्य आकाशगंगाओं में बहुत प्रारंभिक तत्वों के निर्माण की प्रक्रिया एक अनूठी खिड़की प्रदान करता है। यह खोज 20 मार्च को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है।



प्राचीन ब्लैक होल की तस्वीर।

### शुरुआती तारों में छिपे हैं अनेक रहस्य

शुरुआती तारों में बेशुमार रहस्य छिपे हुए हैं। मगर उन तारों की ढूंढ कर पाना आसान नही है। यदि बहुत पुराना तारा ढूंढ सकते हैं, तो निश्चित ही उसकी रासायनिक संरचना प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समझ सकते हैं कि ब्रह्मांड में अरबों साल पहले के तारे की रासायनिक संरचना कैसी थी। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का एक वर्ग प्राचीन तारों को तलाश कर खोज को नई दिशा देंगे।

## पाकिस्तान में भगत सिंह का केस दोबारा खोलने की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की 93वीं बरसी पर शनिवार को उनके समर्थकों और अनुयायियों ने उन्हें न्याय दिलाने के लिए उनका केस दोबारा खोलने की मांग की है।

गौरतलब है कि 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश शासकों ने शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाने के बाद शादमान चौक पर भगत सिंह, राज गुरु, सुख देव को फांसी दे दी थी। पाकिस्तान में आयोजित जयंती कार्यक्रम में पहुंचे समर्थकों ने भगत सिंह के लिए न्याय की मांग की है। इस अवसर पर भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन, पाकिस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शादमान चौक पर मोमबत्तियां भी जलाई गईं, न्याय देने का आग्रह किया गया।

## सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को लेकर लौटा आईएनएस कोलकाता, मुंबई पुलिस को सौंपा



मुंबई, एजेंसी

अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। जिसमें नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत सोमालिया के तट से 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा था। पकड़े गए लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इसके बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह अभ्यास चल रहे ऑपरेशन संकल्प के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों को क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और व्यापार सुरक्षा के लिए अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना ने सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। 16 मार्च को एक एंटी पाइरेट्स ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों को पकड़ाथा।

### किसी भी भारतीय ध्वज वाले पोत पर नहीं हुआ हमला

भारतीय नौसेना के अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में चल रहे 100 दिन के अभियान पर एडमिरल आर हरि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए लुटेरे फिर से सक्रिय हो गए हैं। वह लूटपाट को उद्योग की तरह देख रहे हैं। इसे रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों ने भारतीय ध्वज वाले किसी जहाज पर हमला नहीं किया है। नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियान चलाकर 110 लोगों की जान बचाई है, जिसमें 45 भारतीय और 65 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक शामिल हैं। इतना ही नहीं उसने 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया है। अरब सागर में एंटी-पायरेसी और एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए पी-8आई निगरानी विमान और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात हैं।